श्रीमती जया अमिताभ बच्चन (उत्तर प्रदेश): सर, आप मेरे इतने पुराने साथी हैं, अब आपको मैं क्या बताऊँ? कोई बात नहीं, कभी आप हमारे साथ होते थे, आज इनके साथ हैं, इसलिए मुझे "जया अमिताभ बच्चन" बोल रहे हैं। इतने सालों तक तो आप मुझे "जया जी" बोलते थे। Anyways, हाउस में रीताब्रता जी को सुनने के बाद मेरा भी मन करता है कि मैं बंगाली में बात करूँ। ...(**व्यवधान**)... नहीं बोलूँगी, क्योंकि आप लोगों को समझ में नहीं आएगी। यह बहुत उच्च भाषा है, इसका translation इतनी आसानी से नहीं हो सकता। ...(**व्यवधान**)... नहीं, मैं – इन्होंने इतनी बढ़िया कविता पढ़ दी, समझ में आया? नहीं आया?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Yes, hon. Minister.

श्री नित्यानन्द राय: मैं आग्रह के साथ कह रहा हूँ कि अब भारत की 15 भाषाओं में यहां अनुवाद होता है, इसलिए आप बंगाली में ज़रूर बोलिए। हम लोग स्वागत भी करेंगे और सुनेंगे।

श्रीमती जया अमिताभ बच्चन: सर, विषय बहुत गम्भीर है। हाउस की स्थिति को देखकर लगता है कि इस विषय को बहुत हल्के तरीके से लिया जा रहा है। ...(**व्यवधान**)... हाउस का मतलब सिर्फ

Contents Page

'हम' नहीं होता, बल्कि 'हम सब' होता है और इस बिल में उसकी कमी है। इस Bill को Standing Committee में दिया जाना चाहिए। This needs to be discussed very, very seriously because it is a very, very important Bill according to us, the people who are present here. सर, मैं ज़्यादा कुछ नहीं बोलूंगी। मैं सिर्फ दो-तीन बातें बोलना चाहती हूं। एक तो, I want to know the actual definition and the present definition of 'घुसपैठिया और शरणार्थी'। पहले हम कहते थे कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बंगलादेश से जो आए हैं, वे हमारे शरणार्थी हैं। Are you still standing on those lines or have you changed it? *...(Interruptions)...* There is a change. I do not want to make a provocative .....*(Interruptions)...* I will just give a few suggestions if I may. *...(Interruptions)...* सर, जब बीच में बोलते हैं, तो I get very disturbed. It is because I have to think in so many languages, then I have to translate and speak in one language.

Sir, there are terms such as 'Damage', 'Threat to National Security', and an 'Inadmissible Foreigner'. I do not know जिसने भी यह लिखा है, तो क्या उसने हिंदी में सोचकर अंग्रेजी में लिखा है या अंग्रेजी में सोचकर क्या लिखा, मुझे समझ नहीं आ रहा है। It is because this is not translating into action. These are just mere words. These must be clearly defined to reduce ambiguity and ensure uniform application of the law. We must create a dedicated Immigration Appeals Board or Tribunal where individuals can challenge decisions, which is very difficult, keeping the present Government in mind. They do not like challenges. The decisions made by Immigration Officers, before resorting to High Courts, would make justice more accessible; if it is possible during your regime. I would like to suggest to amend Clause 16 to shift the burden of proof from individuals to authorities. This ensures fairness while maintaining accountability in enforcement, which you do not believe in. I would like to suggest adding provisions for processing asylum claims in compliance with international conventions, such as the UN Refugee Convention. This would uphold India's humanitarian commitments while distinguishing refugees from illegal immigrants, घुसपैठिया और शरणार्थी। I would like to suggest to amend Clause 26, as everyone else have said to restrict warrantless arrests by officers of higher ranks, for example, Inspectors. Ensuring proper checks against misuse of power. ...(*Time-bell rings.*)... Can I say the last line, Sir?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Okay.

SHRIMATI JAYA AMITABH BACHCHAN: Streamline reporting requirements for universities, hospitals and hotels through a centralized digital system rather than imposing manual bureaucratic process. Introduce a graded penalty system based on the severity of the violations rather than blanket punishments that deter legitimate carriers and travellers. सर, यह बिल जो है, हमारी पार्टी की तरफ से, हमारी तरफ से और

hope, a lot of the people sitting here. ऐसा लगता है कि हम लोग सत्ता पक्ष के हो गए और आप लोग अपोजिशन के हो गए, because this is really ridiculous. It has been solely... ...*(Interruptions)*... I cannot ignore them. It is because, if I ignore them, they will pass anything that they want. ...*(Interruptions)*... वे कहते हैं कि आंख, कान, नाक सबको कवर करके मॉइनॉरिटीज़ को टारगेट करने के लिए बनाया जा रहा है।

Sir, I request to please send this Bill to a select committee. Let the committee review it seriously because it will be going to have very, very serious repercussions. We will get ashamed internationally. We will be ashamed by the international community. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): The next speaker is Shri Haris Beeran. You have three minutes' time.

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, this is a legislative process by which four laws have been repealed and put into one. Sir, we are known to be a very welcoming country. This law will have an impact and repercussion at the international level. It is because this impacts the foreign citizens who want to travel to our country. We all know that people come to India for various purposes. Now, for medical purposes, medical tourism is there. There are a lot of good hospitals and there are a lot of pharmaceutical companies over here. So, people come here for medical purposes.

In my State, people come over for ayurvedic treatment in Kottakkal. There are people who come for education as there are very fine universities. There are people who come for religious tourism. So these kind of huge influxes of foreign travellers are there to India. This particular law, actually, impacts the foreigners who come to India. We will have to examine this law in this context. Sir, when you examine this law, there can only be one term which can be used to describe this particular law, which is, 'this is a snooper's paradise'. The moment a person lands in India and till the time he goes back to his own country, he is being snooped everywhere. We know that getting visa or going to a foreign country is very cumbersome. But when you are inside the country, then you are free to move about in the country. Here, you are inside the country, even inside the country, you will be snooped and you will be tracked everywhere. With regard to Clauses 7, 8, 9 and 10 of this particular Bill, the Clause 7 says that the Central Government has got the power to restrict foreigners, their entry and movement. This is a very broad thing. They have not specified as to what they want to do. These are broad powers, restricting the movement and imposing medical exams which will violate privacy. This violates privacy and liberty. This is violation of

Contents Page

Article 21. This particular Clause is, actually, unconstitutional because Article 21 applies to foreign citizens also. There are burdensome compliances which everyone has to do. If a person is going to the hospital, then the hospital authority has to report. If a person is going to hotel, then the hotel has to report. So, all these cumbersome procedures are there in this particular Bill. There are six-seven small points. Now, denial of entry can be on very, very vague ground. Huge powers are given to the Immigration Officer. Uncanalised and unbridled powers are given to the Immigration Officer. Once the Immigration Officer takes a particular stand or a decision, there is no appellate power, there is no appellate body. As Jaya*ji* rightly mentioned, there has to be a tribunal, there has to be an appellate body against the orders of the Immigration Officer. There is no warrant required for arresting a foreigner who is in India. On what ground? It is on very, very vague grounds. Then, I come to reporting obligation. There is another Clause which is very, very strange, the association clause...(*Time-bill rings.*)... Just half a minute, Sir. If a foreigner is associated with a particular association, then, he can be deported on that ground. The Bill violates all the fundamental rights by saying that they can be deported without following the due process of law. They can just be caught and deported. It lacks a judicial oversight and it lacks transparency. There is an overreach of executive power. This executive power overreach is going to kill this particular Bill and this is going to be tested in the court of law. Once it is tested in the court of law, I am sure that there is violation of Articles 14 and 21 which are directly applicable to foreign citizens. Therefore, these suggestions should be incorporated and this should be referred to a select committee or a Standing Committee. That is all I have to say, Sir. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Next speaker is Shri Lahar Singh Siroya. You have fifteen minutes.

3.00 **P.M.**

श्री लहर सिंह सिरोया (कर्णाटक): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका और मेरी पार्टी के नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का मौका दिया गया है। उपसभाध्यक्ष जी, मेरे लिए यह और भी संतोष का विषय है कि आप यहाँ पर विराजमान हैं। महोदय, असम के संदर्भ में कहूं, तो ये जिसको परिभाषित करने की बात कर रहे हैं कि घुसपैठिया क्या होता है और शरणार्थी क्या होता है, तो मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि आपने घुसपैठियों का आतंक खूब भुगता है। असम वर्षों तक घुसपैठियों के दबाव में, उनके असामाजिक कार्यों के दबाव में रहा है। आपने उन घुसपैठियों के खिलाफ कई वर्षों पहले आंदोलन किया था। घुसपैठिया क्या होता है, शरणार्थी क्या होता है, आप इस बात को अच्छी तरह से महसूस कर सकते हैं।

Contents Page

उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपको सभापति ही कहूंगा, क्योंकि इस वक्त आप चेयरमैन साहब ही हैं। महोदय, इंडी गठबंधन और कांग्रेस ने अपने चरित्र के अनुसार, अपनी सोच के अनुसार हमारे एक आदरणीय नेता को वहाँ से इनिशिएट करने के लिए कहा था। उन्होंने काफी विस्तार से बातें कही हैं। मैंने भी इसे बहुत विस्तार से पूरा पढ़ा है। उनकी बातों का जवाब हमारे आदरणीय मंत्री जी देंगे, यह उनका अधिकार है, लेकिन एक बात उन्होंने कही कि क्या इमिग्रेंट्स जानवर हैं! इस तरह की बात उन्होंने कही और उनकी तुलना जानवरों से की। आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहूंगा और देश को भी बताना चाहूंगा कि जानवर और घुसपैठियों में बहुत फर्क है। जानवर आपको दूध देता है, आपके लिए कई काम करता है और फिर आपके लिए भोजन भी बन जाता है। घुसपैठिए आकर आतंकवाद फैलाते हैं, ड्रग का व्यापार करते हैं, बलात्कार जैसी घटनाओं में संलिप्त होते हैं और सैफ अली खान जैसे अभिनेता के घर में घुसकर उसको मारने की कोशिश करते हैं। यहां बॉलीवुड से जुड़े हुए लोग भी बैठे हैं। मैं उनको बताना चाहूंगा, आप समझ लें कि ये वे घुसपैठिए हैं, जिनके आधार कार्ड होते हैं।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, कर्नाटक में हमने भुगता है कि वहां पर इल्लिगल इमिग्रेंट्स आकर आधार कार्ड बना लेते हैं, किराये पर मकान ले लेते हैं, व्यापार करने लगते हैं, जीएसटी चोरी करते हैं और अनेक तरह के असामाजिक कार्य में भी संलिप्त रहते हैं। मैं इस सरकार को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं कि यह बिल जो बहुत पहले आ जाना चाहिए था, वह इस बिल को आज लाई है और चार कोलोनियल जमाने के जो कानून चलते आ रहे हैं, उनका एकीकरण करके एक कानून बनाया गया है। देश की सुरक्षा हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी के लिए हमेशा प्राइम विषय रहा है। कांग्रेस और उनके साथी हमेशा वोट बैंक की राजनीति ही करते रहे हैं। ये हर किसी को मुस्लिम की दृष्टि से ही देखते रहे हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि जब 1970 की वॉर हुई थी, उसमें कई बंगलादेशी आकर असम और बंगाल में बस गए थे। हम बार-बार जो डीलिमिटेशन की बात करते हैं - तो असम में इन घुसपैठियों की वजह से सारा मामला गड़बड़ाया हुआ है - इस कानून के अंतर्गत जब नई लिस्ट बनेगी, तो कांग्रेस और उनके साथी देखते ही जाएंगे। उस लिस्ट को पढ़ने में उनको वर्षों लग जाएंगे कि अब यह किस तरह की लिस्ट बन रही है और कैसे राष्ट्रीय सुरक्षा के अनुसार यह बिल लाया जा रहा है।

उपसभाध्यक्ष जी, हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी पड़ोसी देशों की बात करते हैं और कम्युनिटी की बात करते हैं, इसलिए जहां कोई भी तूफान आया हो या कोई भूकम्प आया हो, तो हमारे प्रधान मंत्री तुरंत हमारे पड़ोसी देशों की सहायता के लिए आगे बढ़ते हैं। हमारे साथ क्या हो रहा है कि पड़ोसी देशों में जब सब विफल हो चुके हैं, चाहे वह पाकिस्तान हो, बंगलादेश हो, म्यांमार हो, नेपाल हो, श्रीलंका हो, वहां की अर्थव्यवस्थाएं चरमरा रही हैं, तो वहां के लोग हमारे यहां आकर आधार कार्ड बनाकर नौकरी कर लेते हैं और अनेक तरह का अपराध करते हैं। वे मेनली ड्रग का व्यापार करते हैं और हमारे बच्चों के भविष्य को खराब करते हैं। ऐसे लोग यहां आ रहे हैं। ये जो फेल्ड स्टेट हैं, उनका ही असर भुगतना पड़ रहा है। जब इमीग्रेशन का यह कानून बनेगा, तो इस तरह के अपराधों पर रोक लगेगी। यह कानून बनाकर हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने दिखा दिया है कि हम सार्वभौम राष्ट्र हैं और हम किसी भी बड़े देश की तरह अपना कानून बना सकते हैं। मैं जिन इल्लिगल इमीग्रेंट्स की बात कर रहा हूं, जो घुसपैठिए आते हैं, आतंकवाद फैलाते हैं, उन लोगों को मर्सीलेस्ली भेजना पड़ेगा। कर्नाटक की सरकार इस मामले में बहुत

Contents Page

ज्यादा विफल रही है। वहां बहुत बंगलादेशी लोग भर गए हैं और बंगाल के नाम पर, ओडिशा के नाम पर, असम के नाम पर बंगलादेश के लोग आ गए हैं। वे जाली आधार कार्ड बनाकर व्यापार करने लग गए हैं। इस तरह की कई बातें वहां हो रही हैं। मैं समझता हूं कि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा कदम है। ये जो कानून बनाए गए हैं, इसमें उन्होंने हर चीज़ को बहुत विस्तार से देखा है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने बताया है कि हम किसी समुदाय के खिलाफ नहीं हैं। आज बंगलादेश में जो कुछ हुआ है, वहां कई हिंदू लोगों को शरणार्थी बनना पड़ा है, उनके खिलाफ नहीं, बल्कि हम उन्हीं के लिए एनआरसी लाए हैं। इसीलिए हमारे ये कानून आ रहे हैं। उन लोगों को जरूर डर लग रहा है, जो कई वर्षों से अनैतिक काम करते हुए विदेशों से आकर यहां बस गए हैं। उन लोगों को इमीग्रेशन ऑफिसर से डर लगता है। उनकी अपील नहीं होगी और उनकी अपील होनी भी नहीं चाहिए, क्योंकि सरकार ने जो कानून बनाए हैं - यह तीसरी बार चुनी हुई सरकार है और इस सरकार के अधिकारियों ने और सरकार ने पूरी चर्चा करके, पूरा अपना दिमाग लगाकर राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवता के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कानून बनाए हैं।

मानवीय दृष्टिकोण के बारे में हमारे ऊपर कोई आरोप नहीं लगाया जा सकता। हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में, जब भी कहीं कोई विपदा आई, तो उसमें हमने आगे बढ़ कर सहायता की है। इसलिए हमारे ऊपर यह आरोप नहीं लगाया जा सकता।

महोदय, उन लोगों को जरूर डरने की बात है, जिनकी मानसिकता भी विदेशी हो गई है; जो बैठते यहाँ हैं, लेकिन बात वहाँ की करते हैं। मुझे तो लगता है कि सोरोस के पैसे के बलबूते पर पलते हैं और उनके अनुसार राजनीति करते हैं। पढ़ाई-लिखाई के नाम पर, हम तो अनपढ़ अच्छे हैं। अगर पढ़-लिख कर ऐसा ही बनना है, ऐसे ही अर्बन नक्सलवाद को बढ़ावा देना है, तो ऐसे लोगों से तो हम समझते हैं कि हमारी अनपढ़ जनता अच्छी है, जिसने समय-समय पर आपको दिखाया है। इमरजेंसी में उसने दिखाया। इमरजेंसी आप लोगों ने लागू किया, लेकिन जिस जनता ने आपको सबक सिखा कर घर बिठाया था, वह अनपढ़ जनता थी। मैं समझता हूँ, लानत है ऐसे पढ़े-लिखे लोगों पर, जो वहाँ से ऐसे arguments कर रहे थे, कानून के बारे में क्या-क्या बातें कर रहे थे। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इसका जो हर क्लॉज़ है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। उस प्रावधान को ये असत्य ठहरा रहे थे। मैं इन लोगों के बारे में समझता हूँ कि जब ये कोर्ट में खड़े होते हैं, तो इनका यह compulsion हो जाता है कि मर्डर करने वालों को भी, रेप करने वालों को भी कैसे बचाया जाए, उसके लिए कितना-कितना बढ़िया कानून बताया जाए, कितने तर्क दिए जाएँ। लेकिन आज देश की सुरक्षा के लिए, देश की सुरक्षा के नाम पर जो बिल लाया जा रहा है, उसमें इन कानूनों की बारीकी को पकड़-पकड़ कर वे आलोचना करने का काम कर रहे हैं। यह कोई कोर्ट नहीं है, यह देश की सुरक्षा का सवाल है। मुझे बड़ा दुख होता है कि ऐसे लोग हैं। मेरी कर्मभूमि कर्णाटक है, राजस्थान मेरी जन्मभूमि है। मैं तो कर्णाटक से आया हूँ। लोग राजस्थान से हैं, कहाँ-कहाँ से हैं, दिल्ली कर्मभूमि है। हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, कहाँ-कहाँ से आकर, यहाँ बैठ कर ज्ञान बाँटते हैं और ऐसी बातें करते हैं, जो हमारी निष्ठा पर आरोप लगाते हैं, हमारी सरकार की निष्ठा पर आरोप लगाते हैं। ये इस तरह की बात करते हैं, देश की एकता की बात करते हैं। मैं समझता हूँ कि पूरा देश आज देख रहा है। यह जो बिल आ रहा है, मैं समझता हूँ कि अगर इन

Contents Page

सबको अपना पाप धोना है, तो इस बिल का पूरा समर्थन करना चाहिए। आप सर्वसम्मति से इसको पास करके कम से कम अपने इस कलंक को मिटा दें, नहीं तो यह देश आपको माफ नहीं करेगा।

महोदय, मैं हमारे प्रधान मंत्री जी को और उनकी सरकार को पुनः बधाई देता हूँ कि वे कितना महत्वपूर्ण बिल लाए हैं। उन्होंने यह दिखा दिया है कि आदरणीय प्रधान मंत्री, मोदी जी के लिए देश की सुरक्षा ही सर्वोपरि है, देश के नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और साथ ही साथ देश को विकसित करना ही उनकी भावना है, संकल्प है। इसके लिए यह बिल आया है। मैं समझता हूँ कि इससे इन घुसपैठियों का आतंक खत्म होगा और इन illegal दोषियों को निकाला जाएगा। [£] देश की सुरक्षा का सवाल है, अन्यथा देश की जनता आपको माफ नहीं करेगी। अगर आपका ऐसा ही आचरण रहा, तो मैं कहूँगा कि आपकी जो संख्या अभी घटती जा रही है, अभी हमारी बहन जो कह रही थीं कि यहाँ लोग दिखाई नहीं दे रहे हैं, वे और भी नहीं दिखाई देंगे। इसलिए मेरा यह कहना है। इसी बात के साथ, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री प्रमोद तिवारीः सर, मैं प्रतीक्षा कर रहा था कि माननीय सदस्य का भाषण समाप्त हो जाए, तब मैं बोलूँ। ...(**व्यवधान**)... सर, मैं दो-तीन बातें कहना चाहता हूँ। माननीय सदस्य ने यह कह कर इस सदन का अपमान किया है नाम उन्होंने किसी का ...(**व्यवधान**)... मेरी बात, ...(**व्यवधान**)... हम तो बैठे थे। हम फिर बैठ जाते हैं, आप अपनी बात कह लें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): It will be reviewed. If it is not permissible under rule, appropriate action will be taken.

SHRI PRAMOD TIWARI: Thank you, Sir. My second point is that he has directly accused the educated community. As an educated individual, I feel offended. I request that he refrains from making such generalizations about educated people. Although he is a very senior Member, Dr. Abhishek Manu Singhvi holds a very prestigious position.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Next speaker is Shri Praful Patel. Hon. Member not present. Then, Shri Kesridevsinh Jhala.

श्री केसरीदेवसिंह झाला (गुजरात): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने इस बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का आज थोड़ा जल्दी मौका दिया।

उपसभाध्यक्ष (**श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्य**): लहर सिंह जी ने आपको यह मौका दिया है।

[£] Expunged as ordered by the Chair.

Contents Page

श्री केसरीदेवसिंह झालाः जी महोदय, धन्यवाद। महोदय, 2014 में जब मोदी साहब ने इस देश का नेतृत्व संभाला, तब उन्होंने इस देश के अंदर इतने सालों से ऐसे जो नियम थे, कायदे-कानून थे, जो समय के साथ बदले नहीं गए थे, उनको बदलने का उन्होंने निर्णय लिया और उन्होंने इस देश के गरीबों के लिए प्राथमिक सुविधाओं से लेकर infrastructure development की तरफ एक क्रांतिकारी योजना, जैसे जितनी हमारी Direct Benefit Transfer Schemes हैं, उनके माध्यम से उन्होंने इस देश का विकास प्लान किया। इस माध्यम से इस देश की अर्थव्यवस्था, जो एक समय पर 11वें स्थान पर थी, वह आज 5वें स्थान पर आकर खड़ी हुई है और यह सरकार इस विश्वास के साथ अपना काम आगे बढ़ा रही है कि तीसरे टर्म में हमारी economy पूरे विश्व के अंदर तीसरे स्थान पर आकर खड़ी होगी। जब हम इस विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तब देश की कोई भी economic परिस्थिति, चाहे वह किसी भी देश की हो, उस economy को आगे बढ़ाने के लिए देश के अंदर सुरक्षा एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

महोदय, हमारे देश के अंदर हमारी सरकार के नेतृत्व में, मोदी साहब के नेतृत्व में और हमारे गृह प्रधान श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में, सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण विषय देश के अंदर एक-एक मुद्दे के साथ आगे बढ़ा है। 2023 में Border Area Development Programme के माध्यम से इस देश के अंदर 2,900 से ज्यादा गांवों में और 19 से ज्यादा जिलों में, अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, जैसे राज्यों में और लद्दाख में एक Vibrant Village Programme चालू किया गया। उसके लिए 4,800 करोड़ से ज्यादा का बजट रखा गया, जिससे अगले साल 2024 तक 1,500 गांवों के अंदर रोड, रास्ते, high speed BharatNet, Internet जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हुईं। श्रीनगर-लेह के बीच में 220 केवी की जो लाइन लगाई गई, उसके माध्यम से लद्दाख के एंड तक के जो विस्तार थे, उनके अंदर भी बिजली पहुंची। सरकार ने बॉर्डर सिक्योरिटी के लिए इन सारी चीजों की जो व्यवस्था की, उनके अंतर्गत Border Infrastructure and Management की जो स्कीम है, इसमें 2021 से 2026 के बीच के काम के लिए 13,020 करोड़ रुपये का बजट दिया गया। हम लोगों ने बांग्लादेश के बॉर्डर पर 4,210 किलोमीटर के रास्ते में से 2,963 किलोमीटर में फेंसिंग की। Floodlights से लेकर drones, इन सबका उपयोग करके हमने अपने बॉर्डर्स को सुरक्षित किया। 15,106 किलोमीटर land borders और 7,506 किलोमीटर की हमारी जो coastline है, इनको आज हमारी सरकार ने बड़ी मजबूती से secure किया है।

अगर हम BRO की बात करें, तो 2019 से 2024 के बीच में कठिन जगहों पर 7,000 किलोमीटर रास्ते बनाए गए और 7,000 उन गांवों को, जो बॉर्डर के गांव हैं, उनको जोड़ा गया। जब हमारे बॉर्डर्स पर इस प्रकार का Infrastructure आया, तब हमारे बॉर्डर्स सुरक्षित होते गए और देश सुरक्षित होता गया। अभी भी Comprehensive Integrated Border Management System के माध्यम से जो बाकी की जगहें रह गई हैं, वहां पर drone sensors, lasers और जो unfenced rivers तथा desert विस्तार हैं, उनके अंदर टेक्नोलॉजी का पूरा उपयोग करके हमारी बॉर्डर्स को मजबूत किया जा रहा है।

महोदय, अगर हम अपनी internal security की बात करें, तो जम्मू-कश्मीर, जो इतने सालों से मुख्य धारा से वंचित था और आर्टिकल 370 जैसी परिस्थितियों के बीच में वहां पर टूरिज्म नहीं हो रहा था, वहां पर इंडस्ट्रीज़ नहीं आ रही थीं, लेकिन आज वहाँ से 370 को revoke करने से जम्मू-कश्मीर को एक industrial area और एक उभरती हुई economy के रूप में हम लोग देख

Contents Page

रहे हैं। उसी तरीके से हम नॉर्थ-ईस्ट के विस्तार की बात करें, तो वहाँ भी जो infrastructure development हुआ है, उसकी वजह से न सिर्फ हमारी सीमाएँ मजबूत हुई हैं, बल्कि उन विस्तारों के माध्यम से उसको देश के मध्य रेखा से जोड़ने का मजबूत कार्य हुआ है।

महोदय, इस बिल को क्यों लाया जा रहा है - ऐसा प्रश्न आज हमारे विपक्ष के मित्र पूछ रहे हैं। महोदय, इस बिल के पहले के जो बिल्स हैं, अगर हम उनके ऊपर नजर डालें, तो पिछली सरकारों ने उसमें कोई भी clear legislative procedure कभी नहीं की थी। जो चार पुराने laws हैं, उनमें Foreigners Act, 1946; Passport (Entry into India) Act, 1920; Registration of Foreigners Act, 1939 और Immigration (Carriers' Liability) Act, 2000 हैं। उन 4 कानूनों में से 3 कानून तो देश आजाद होने के पहले के हैं, संविधान आने के पहले के हैं, लेकिन इतने सालों में कांग्रेस की सरकार ने कभी भी उन कानूनों को अपडेट करने की कोई कार्रवाई नहीं की। आधुनिक परिस्थिति के हिसाब से, जैसे दुनिया आगे बढ़ रही है, देश आगे बढ़ रहा है, उस हिसाब से उन्होंने कभी कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए इन चार कानूनों का एकीकरण करके आज के इस बिल में immigration laws को streamline किया गया, जहाँ पर प्रावधानों में overlapping हो रहा है, उस overlapping को निकाला गया है और एक सिंगल कानूनी ढांचा बनाया गया है, जिसके माध्यम से इस विषय में जो विभिन्न प्रकार की एजेंसियाँ काम कर रही हैं, उनका एक 'collaborative workstream' हो - इन सब पर विचार करके मोदी सरकार ने यह बिल लाने का कार्य किया है। उसके साथ-साथ मैं यह भी कहूँगा कि अगर इसको कांग्रेस के जमाने से comparison किया जाए, तो 1983 में कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा को साइड में रख कर एक Illegal Migrants (Determination of Tribunals) Act, 1983, IMDT Act का निर्माण किया था। इस एक्ट के माध्यम से जब कोई कानूनी कार्रवाई होने जा रही हो, तब 'burden to prove' non-citizenship मतलब अगर बाहर के कोई घुसपैठिए अंदर आए और उनको कोई पकड़ा हो, तो उसको प्रूव करने का burden स्टेट के ऊपर रहा करता था या फिर जो आक्षेप करने वाला व्यक्ति है, यानी 'accuser' है, उसके ऊपर रहा करता था। इस परिस्थिति में litigation लंबा चलता रहता था। इसके कारण घुसपैठिए के हाथ मजबूत हो रहे थे और जो स्टेट की मशीनरी कानूनी कार्रवाई कर रही थी, उनके हाथ बंधे हुए थे। मैं उसके दो-तीन byelaws के बारे में बताना चाहता हूँ। उन्होंने उसके अंदर इस प्रकार के चार मुद्दे रखे थ। जो 'accuser' है और जो 'accused' है, वे दोनों तीन किलोमीटर के अंदर रहने चाहिए। अब आप समझ सकते हैं कि इसमें तीन किलोमीटर का क्या लेना-देना है। अगर कोई लंबे डिस्टेंस पर रह रहा हो, तो उससे उसमें क्या फर्क पड़ता है? कोई एक व्यक्ति या कोई एक संस्था maximum ten complaints दे सकते थे और उसके अंदर फीस भर कर complaint register करने का प्रावधान रखा गया था। इसके साथ ही, जिसके ऊपर accusation हो रहा है, वह अपना सिटीजनशिप प्रूव करने के लिए मात्र राशन कार्ड दिखा दे, तो उसका सिटीजनशिप प्रूव हो जाता था। इस प्रकार से, खास करके असम के अंदर कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने 1983 में एक्ट लाकर जो कार्य किया है, उसके कारण इस देश के अंदर इतने सालों के बाद भी litigation पर litigation होते रहे और उसकी कार्रवाई अंत तक नहीं पहुँचती थी। अंत में, 2005 में सुप्रीम कोर्ट ने एक damaging order दिया और सुप्रीम कोर्ट ने IMDT Act को unconstitutional मान कर इस एक्ट को wholly arbitrary, unreasonable दिखा कर यह कहा कि illegal migrants को shelter देना इस rule-regulation का almost एक मकसद बन गया है,

Contents Page

इसलिए इस कानून को उन्होंने strike down किया। इसको केवल असम में लगाया गया और हम सब असम की स्थिति जानते हैं। तब बाहर के विस्तार से घुसपैठिए असम के अंदर घुसे थे और असम के अंदर का लॉ एंड ऑर्डर का सिचुएशन कितना खराब हुआ था। इस मुद्दे को, IMDT को सुप्रीम कोर्ट ने स्ट्राइक डाउन करके यह भी कहा कि यह कॉन्स्टिट्यूशन के आर्टिकल 14 के विरुद्ध है। महोदय, इस प्रकार के कार्य पूर्व सरकारें करती थीं। आज जो यह नया बिल आया है, यह बहुत लंबा विचार करके लाया गया है। जब यह बिल बहुत समय तक मंथन करके आया है, तब इसके माध्यम से institutional framework को मजबूत करने के लिए और Bureau of Immigration का मजबूती से निराकरण करने का निर्णय लिया गया है। केंद्र सरकार शासित जो भी कोऑर्डिनेशन होगी, इमीग्रेशन के अलग-अलग ऑपरेशंस, जो पूरे देश के अंदर चल रहे हैं, इसके माध्यम से Bureau of Immigration को उनको मजबूती से कोऑर्डिनेट करने का मौका मिलेगा। विदेश से जितने फॉरेनर्स आते हैं, इस बिल में उनका रजिस्ट्रेशन और उनका tracking mechanism का भी एक प्रावधान रखा गया है। अब जो भी बाहर से फॉरेनर्स आएँगे, उनके ऊपर सरकारी तंत्र इसके माध्यम से नजर रख पाएगा और उनकी क्या कार्रवाई है, वे क्या कर रहे हैं, इसके ऊपर भी उनकी नजर रहेगी। ...(**समय की घंटी**)... सर, दो मिनट। अगर आप मेरे स्टार्ट के 2 मिनट ऐड कर लें, तो मैं अपनी बात पूरी कर लूँगा।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Try to conclude in one minute.

श्री केसरीदेवसिंह झाला: सर, एक मिनट। इस बिल के माध्यम से पेनल्टी बढ़ाई गई है, carrier accountability का प्रावधान लाया गया है। जो भी कैरियर्स, चाहे एयर हो, sea हो या लैंड हो, ट्रांसपोर्ट के जो भी माध्यम उनको ला रहे हैं, उनके ऊपर भी accountability set की जा रही है।

महोदय, आपने मुझे ज्यादा समय नहीं दिया है, इसलिए मैं अपनी बात सिर्फ यह कहकर खत्म करूँगा कि यह जो बिल लाया गया है, इससे किसी भी तरीके से उन टूरिस्ट्स पर आपत्ति नहीं आएगी, जो हमारे देश के अंदर लीगली एंट्री से आ रहे हैं। जो लोग इल्लीगली और गलत काम के लिए आ रहे हैं, उनके लिए ही यह मजबूत लॉ बनाया गया है। जो घुसपैठिए देश के अंदर घुसकर देश की रिसोर्सेज़ के ऊपर इतना बड़ा बोझ बनकर बैठ गए हैं, जो हमारे लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन को खराब करके बैठे हैं और जो हमारे देश की पूरी अर्थव्यवस्था के ऊपर drain बनकर बैठ गए हैं, सिर्फ उन जैसे इल्लीगल घुसपैठियों के लिए यह बिल लाया गया है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Please conclude.

श्री केसरीदेवसिंह झाला: सर, विपक्ष के हमारे मित्र जो यह कह रहे हैं कि धर्म, जाति, इस प्रकार का इसमें inclination है, तो मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि इस बिल के अंदर किसी भी देश, कोई भी धर्म या किसी भी जाति का कहीं पर उल्लेख नहीं है। जो लोग राष्ट्रहित के लिए और देश को मजबूत करने की एक्टिविटीज़ के लिए यहाँ आ रहे होंगे, उन्हीं को आने दिया जाएगा। ...(**समय**

Contents Page

की घंटी)... सर, मैं अपनी बात को इस बात पर खत्म करूँगा कि पहले की सरकारों ने कुछ किया नहीं है, तो आप भी इस बिल का समर्थन करें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Please conclude.

श्री केसरीदेवसिंह झाला: सर, अगर यहाँ पर तृणमूल कांग्रेस के मेरे साथीगण मौजूद हैं, तो उनसे भी मेरी सिफारिश है कि एक दिन ऐसा भी था कि जब आपकी मुख्य मंत्री इसी टेबल के पास इमीग्रेशन की वजह से, घुसपैठियों की वजह से कागज फेंका करती थीं। आज आप भी आइए, देशहित में जुड़िए और इस बिल का समर्थन कीजिए। इतनी बात के साथ, मैं अपनी बात को विराम देता हूँ।

श्री संजय राउत (महाराष्ट्र): सर, जब यह इमीग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल टेबल किया गया, तो हमारे गृह मंत्री जी ने कहा कि यह देश धर्मशाला नहीं है और हम इसको धर्मशाला नहीं बनने देंगे। इस देश को धर्मशाला बनाना किसी का मकसद भी नहीं है और कोई बनने भी नहीं देगा, लेकिन यह देश जेल भी नहीं है। अगर यह देश धर्मशाला नहीं है, तो यह देश जेल भी नहीं है। ...(**व्यवधान**)... कौन बोल रहा है, बालासाहेब ठाकरे? ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Please.

श्री संजय राउत: सर, वहाँ से कुछ भी कमेंट करते हैं। ...(**व्यवधान**)... हम सुनते रहते हैं, आप बोलते रहते हैं, क्या है? आपको क्या मालूम है?...(**व्यवधान**)... क्या हमने आपको इंटरप्ट किया है? ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Please.

श्री संजय राउत: सर, आप यह कमेंट्री रोकिए। मेरा टाइम अब शुरू हुआ है। इस देश के लोगों को 10 साल से एक तरह से जेल में रखा गया है। लेकिन अब जो विदेश से लोग आएंगे, वैलिड पासपोर्ट पर, वैलिड वीज़ा पर, उनको भी शायद यह कानून जेल में रखना चाहता है। जिस तरह से कंडिशंस लगा दी गई हैं, जिस तरह से उनके ऊपर जबरन कई एक्ट थोप दिए गए हैं, उससे धीरे-धीरे टूरिस्ट भी आना बंद कर देंगे। इस प्रकार के कठोर कानून यहां लागू किए गए हैं।

प्रेसिडेंट ट्रम्प ने ...(**व्यवधान**)... हमें यह कानून चाहिए। हम नहीं चाहते कि देश में कोई अवैध रूप से रहे, चाहे वह बांग्लादेशी हो, रोहिंग्या हो, अमेरिकन हो या यूरोपियन हो। प्रेसिडेंट ट्रम्प ने हमारे भारतीय लोगों को, जो वहां अवैध थे, उन्हें हाथ-पांव में जंजीरें बांधकर अमानवीय तरीके से आर्मी के प्लेन में यहां भेज दिया।

यह कानून पास होने के बाद, अगर इस देश में कोई अमेरिकन अवैध रूप से रहता है, तो उसी तरह उसे हाथ-पांव में जंजीरें बांधकर वाशिंगटन भेज दिया जाए। यह आपका कानून रहेगा और इसे लागू करना जरूरी होगा। ...(**व्यवधान**)... पूरे देश में तीन करोड़ से अधिक रोहिंग्या और

Contents Page

बांग्लादेशी हैं, उन्हें निकालना आवश्यक है। यह मूवमेंट सबसे पहले हमने मुंबई में शुरू किया था। आपको मालूम होगा कि सबसे पहले बाला साहब ठाकरे ने आवाज़ उठाई थी कि यहां एक भी बांग्लादेशी नहीं रहेगा।

सर, बिल के सेक्शन 7 में कहा गया है कि जो भी विदेशी यहां आएगा, उसके ठहरने की जगह केंद्र सरकार तय करेगी। उसकी मूवमेंट को control किया जाएगा, वह किस होटल में ठहरेगा, कहां घूमेगा, कहां जाएगा - यह सब सरकार तय करेगी। यदि कोई म्यूज़िशियन, आर्टिस्ट, सोशल एक्टिविस्ट या डिप्लोमैट है, तो भी सरकार तय करेगी। यदि कोई डिप्लोमैट, स्टूडेंट डेलीगेशन या जर्नलिस्ट देश में आता है और किसी प्रमुख नेता से मिलना चाहता है - चाहे वह सोनिया गांधी जी से मिलना चाहता हो, चाहे Leader of the Opposition से मिलना चाहता हो, चाहे राहुल गांधी जी से मिलना चाहता हो और चाहे वह उद्धव ठाकरे साहब से मिलना चाहता हो - तो पहले सरकार से अनुमति लेनी होगी। यदि सरकार अनुमति देती है, तो वे मिल सकते हैं, अन्यथा नहीं।

इस कानून में कई ऐसे प्रावधान हैं, इसलिए मैं कहता हूं कि आप उसको जेल बनाना चाहते हैं। इस देश में जो आतंकी आए हैं ...(**समय की घंटी**)... जो illegal तरीके से आए हैं, वे वैलिड पासपोर्ट पर नहीं आए थे। कसाब जैसे लोग यहां पासपोर्ट लेकर नहीं आए। कसाब और उसके साथ आए आतंकी समुद्र मार्ग से अवैध तरीके से घुसे और हमला करके चले गए। सरकार को पता भी नहीं चला। इसलिए, इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कानून की ज़रूरत है। पहले भी कानून थे, लेकिन यदि अब हम इसे और मज़बूत बनाना चाहते हैं, तो बनाइए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Your time is over. Please conclude.

श्री संजय राउतः लेकिन इस कानून में जो प्रावधान हैं, उन्हें दोबारा समीक्षा के लिए स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि इस पर फिर से चर्चा हो सके, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): The next speaker is Shri Mission Ranjan Das. This is your maiden speech. You are allowed to speak for ten minutes.

श्री मिशन रंजन दास (असम): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे समय देने के लिए मैं आपका आभारी हूँ। The Immigration and Foreigners Bill, 2025, भारत के बिखरे हुए इमीग्रेशन कानूनों और उनकी कानूनी दशा को एकत्रित करने का प्रयास करता है। यह विधेयक चार पुराने कानूनों - पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920; विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम, 1939; विदेशियों का अधिनियम, 1946; और इमीग्रेशन परिवाहक दायित्व अधिनियम, 2000 - को समाप्त कर एक व्यापक कानून प्रस्तुत करता है। यह विधेयक मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिसके तहत केन्द्र सरकार को विदेशियों के प्रवेश, निवेश और निकास को नियमित करने के स्पष्ट अधिकार मिलते हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा के कड़े प्रोटोकॉल स्थापित किए जाते हैं।

Contents Page

यह विधेयक इमीग्रेशन ब्यूरो की स्थापना, विदेशियों का अनिवार्य पंजीकरण, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों के लिए विदेशी नागरिकों की उपस्थिति की रिपोर्टिंग का दायित्व, संरक्षित क्षेत्रों में आवागमन पर प्रतिबंध और उल्लंघन करने पर कड़े दंड का प्रावधान करता है। विशेष रूप से यह कानूनी स्थिति साबित करने का भार व्यक्तियों पर डालता है, न कि राज्यों पर। इस प्रकार पहले की सरकारों द्वारा किए गए अन्याय को सुधारने का प्रयास करता है। इसके अलावा अवैध विदेशी नागरिकों को लाने वाले परिवहन साधनों के लिए कठोर दंड निर्धारित करता है और इमीग्रेशन अधिकारियों को अवर्तन संबंधी विस्तृत शक्तियां प्रदान करता है। यह प्रस्तावित विधेयक शरणार्थियों और घुसपैठियों के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें कड़े दंड प्रावधान किए गए हैं, जिससे इमीग्रेशन उल्लंघनों के प्रति एक सख्त रुख अपनाया गया है, जो अवैध प्रवेश या जाली दस्तावेजों के उपयोग को रोकने में सहायक हो सकता है। इसमें उल्लंघनकर्ताओं के लिए भारी जुर्माने और कारावास की सख्त सजा का प्रावधान किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इमीग्रेशन अपराधों को राज्यों के हित से जुड़ा गंभीर मामला माना जाता है। हम सभी जानते हैं कि असम अवैध घुसपैठ रोकने के लिए एक कानून लागू था। यह कानून The Immigrants (Expulsion from Assam) Act of 1950, इस कानून की धारा 2 के तहत घुसपैठिए को असम से निष्कासित करने और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण असम में आए शरणार्थी को संरक्षण देने का प्रावधान था। 1980 के दशक की शुरुआत में असम में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ एक बड़ा छात्र आंदोलन शुरू हुआ। इसे शांत करने और छात्रों को समझाने के उद्देश्य से The Illegal Migrants (Determination by Tribunals) Act, 1983 तथा IMDT असम में लागू किया गया। इसके कारण The Immigrants (Expulsion from Assam) Act, 1950 को निरस्त कर दिया गया और IMDT के सामने अवैध घुसपैठियों और शरणार्थियों को बराबर कर दिया गया। IMDT अधिनियम में ऐसी प्रक्रिया और सख्ती जोड़ी गई, जिससे अवैध घुसपैठियों को निष्कासित करना लगभग असंभव हो गया। इस अधिनियम के तहत किसी व्यक्ति को घुसपैठिए घोषित करने की जिम्मेदारी शिकायतकर्ता पर डाल दी गई, जिससे घुसपैठ रोकना और बाहर निकालना कठिन हो गया। असम के पूर्व मुख्य मंत्री और हमारे वर्तमान केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल जी ने इस असंवैधानिक IMDT अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर किया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए IMDT एक्ट, 1983 को रद्द कर दिया। हमारी बीजेपी नेतृत्वाधीन एनडीए सरकार हमेशा बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार लोगों को भारत में शरण देने के पक्ष में रही है। महोदय, इसी कारण से 2019 में Citizenship Act, 1955 में संशोधन कर इन तीनों देशों से आए शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने के लिए Citizenship (Amendment) Act, 2019 पास किया था। मैं उस समय की सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने धार्मिक रूप से प्रताड़ित लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का साहसिक कदम उठाया। मैं वर्तमान सरकार का भी धन्यवाद करता हूं, जो Immigration and Foreigners Bill, 2025 को संसद में पारित करने हेतु लेकर आई है। मैं ऐसा मानता हूं कि यह अधिनियम पारित होने के बाद असम तथा पूरा देश सुरक्षित रहेगा। उपसभाध्यक्ष जी, सदन में अपनी बात रखने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): The next speaker is hon. Member Shri Sandosh Kumar P.

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, this is a draconian Bill. A group of people who are sitting with a kind of manufactured feelings can support this. Hence, I oppose this Bill. I heard most of the speakers from the Treasury Benches. It seems they were talking about the NRC. NRC and this Immigration and Foreigners Bill are entirely different things. They think the foreigners are like illegal immigrants. Foreigners are not illegal immigrants. So, we have to differentiate between them. Foreigners are foreigners only. This Bill is applicable to all the foreigners, but they think that this is applicable to Bangladeshis, Pakistanis and people who are residing in nearby countries. The point is that this draconian Bill will definitely tarnish the image of our country. There is no doubt at all. This will have adverse impact on our education, medical, tourism and almost all other sectors. On one side, we are talking about bringing foreign universities, attracting more students from foreign countries, and we ourselves claim as Vishwaguru, and on the other side, we are bringing such a kind of legislation. Most of them are in a way influenced by the concept of Islamophobia. I don't know whether the Minister will accept this or not, but the point is that they are deeply saddened or crippled or influenced by the fake concept of Islamophobia. This is the crux of this whole legislation. India was always a land which welcomed foreigners. We were the home of thousands of foreigners and we accepted everything. That way, we were Vishwaguru. Many points were covered by my fellow speakers. So, due to paucity of time, I don't want to expand much on that. There is no provision for stateless people and immigrants. We should make a provision for them also. Then, immigration officers became omnipotent. How can it be? What more procedure do you require from a person coming to India with valid passport and visa? How many more procedures are required? One must have a valid passport, the reason must be valid and there must be a valid visa. Everywhere, there is police raj. I sincerely fear that this is only the beginning. Tomorrow, they may come up with a legislation with more stringent provisions, and in future, this may be applicable to Indian citizens also. Today, this is for foreigners. State-to-State transportation takes place. For example, someone is travelling from Goa to Kerala or Kerala to Gujarat. If we engage police officers or immigration officers everywhere to check the people, this will definitely be reduced to police raj. The people who support authoritarian rulers can support this Bill. They are actually programmed like that. They are always supporting their own authoritarian leader, so they can support this Bill also. …(*Time-bell rings.*)… This Bill must be sent to a select committee. This is an insult to our

Contents Page

national prestige. India was never such a country. These people want to tarnish the image of this country. That is why this Bill must be sent to a Select Committee. Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA): Next speaker is Shri Bhubaneswar Kalita.

SHRI BHUBANESWAR KALITA (Assam): Sir, it is good to see you in the Chair, a very senior Member from Assam, presiding over the Session today.

Sir, I rise to support this Bill which is one of the very revolutionary Bills. I can say that because it has consolidated four separate Bills which were colonial laws. As we all know, the NDA Government is for change. The NDA Government is bringing revolutionary changes not only to the economy but also to the judicial system of this country. The obsolete laws are being repealed now and new Bills have come. Under the visionary leadership of the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, and the unwavering dedication of the Home Minister, Shri Amit Shah, the NDA Government has taken bold steps to consolidate and modernise archaic laws into a single, robust framework. A lot of points have been raised not only by the ruling party but also by the opposition parties. It has gone to the extent of talking about judicial scrutiny and parliamentary scrutiny.

[THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI MAYA NAROLIYA) *in the Chair.*]

The Parliament is discussing the Bill today. With that end in view, the BJP-led NDA Government has repealed over 1,500 obsolete laws compared to just 1,301 repealed in the last 64 years of independence. Independent India was going on with the colonial laws and never thought to change those laws for modern India.

The Immigration and Foreigners Bill, 2025 is a revolutionary agenda. It is replacing four archaic pre-Constitution laws dating back to 1920, 1939 and 1946. The Immigration and Foreigners Bill, 2025 replaces four obsolete laws like the Foreigners Act, 1946; the Passport Act, 1920; the Registration of Foreigners Act, 1939; and the Immigration (Carriers' Liability) Act, 2000. With a unified legislative framework, this consolidation removes the overlapping provisions and redundancies, significantly simplifying the immigration process. Take any country in the world. It will always be serious about immigration. India being considerate to the neighbouring countries earlier may have committed some blunders or mistakes. But there is always scope to correct those mistakes and blunders committed earlier.

Contents Page

Madam, modernizing India's immigration laws like Immigration and Foreigners Bill, 2025, is a testament to Modi Government's commitment to modernizing India's outdated legal framework which the previous Congress Government neglected for decades. Reforming Colonial era immigration framework, hon. Narendra Modi led Government has consistently delivered on its promise to dismantle Colonial era legislations which have shackled India for decades.

Madam, the Bill aims at security and border control, including fencing to secure the borders. The Immigration and Foreigners Bill, 2025 is hon. Narendra Modi Government's comprehensive strategy to secure India's borders and address illegal immigration. It is in stark contrast to the earlier Government's neglect. Under previous Governments, the border infrastructure remained under-developed and only 21 kilometres of fencing along the India-Bangladesh border was completed in 17 months. Critical projects like India-China Border Roads Phase-1 languished for years after being conceived in 1999. The Modi Government has prioritized robust border control and there is Rs. 31,000 crore project to fence the entire 1,643 kilometres of India-Myanmar border which is underway with 10 kilometres already fenced at Moreh in Manipur and another 20 kilometres are approved. CIBMS is implemented along sensitive borders with Pakistan and Bangladesh to integrate manpower with cutting-edge surveillance technologies. Between 2018 and 2023, an amount of Rs. 154.7 billion was allocated for constructing over 2,088 kilometres of roads along India-China border and this was coupled with 49 per cent increase in border infrastructure funding in the Union Budget of 2025-26, which is Rs. 5,597 crore compared to last year.

Madam, we remember those days when after many demands from the Members of the North-Eastern Region, hardly an amount of Rs. 500 crore was allocated for development of border and border roads. But, today, you can see the difference. It is a significant difference which has come; border development and border area development has been given priorities. We all see today that tunnels are built; highways are built; bridges, which were nowhere, are being built to secure the border and the movement of our Armed Forces. Then, there was deliberate demographic engineering, which many of our hon. Members have mentioned about. It is IMDT Act which uniquely required the State to prove foreigner's illegal status in Assam, making deportation virtually impossible. One of our Members has mentioned that a very less number of foreigners were deported. The reason for less number of foreigners being deported was that the law itself protected them. The IMDT Act protected those people. Although they were foreigners, although they were detected, but they were protected by that Act. The Supreme Court very rightly struck down that

Contents Page

law calling it as unconstitutional. This meant the demographic invasion, which the country has seen in that part of the country and many parts of the country.

Then, enhance enforcement of powers of swift action. Madam, since 2014, BSF interception of illegal crossings has increased significantly with 17,432 of Bangladeshis intercepted during 2018 and 2023.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): अब आप complete कीजिए। आपका समय पूरा हो गया है।

SHRI BHUBANESWAR KALITA: Madam, I would take only two minutes more because our hon. Member has mentioned about the NRC and another hon. Member, a renowned lawyer, has mentioned about the judicial scrutiny and about NRC. The NRC has been prepared and the NRC work has been complete. But she mentioned about the delay. The delay is because of the judiciary. You talk about judicial scrutiny, you talk about judiciary. ...(*Time-bell rings.*)... But if it is delayed due to judiciary, you cannot blame.

Madam, I would take one more minute. The carrier accountability for closing all entry roads; as we all know, entry and exit of the foreigners is to be regulated. That is the need and that is the reason the Bill is here. I would only read two-three lines on how this Bill has come. You talk about judicial scrutiny. This Bill has come due to judicial judgment only. This landmark legislation is built upon the recent Supreme Court ruling upholding the constitutional validity of Section 6A of the Citizenship Act wherein the court reinforced a legislative framework that balances humanitarian concerns with the protection of Assam's indigenous population.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): आपका समय पूरा हो गया है।

SHRI BHUBANESWAR KALITA: So, this legislation is the outcome of a judgment of the Supreme Court. The judicial scrutiny is done already. It is due to the judgment of the Supreme Court that this Bill has come. With this, I conclude and I thank you very much.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): अगली वक्ता हैं- डा. फौजिया खान। आपका समय 3 मिनट है।

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Madam, this Bill represents a crossroad for our country. While it consolidates fragmented laws, it does little to innovate but has much

Contents Page

to repress. While we agree that there needs to be strong measures to prevent illegal migration, the Bill ignores the subtle difference between illegal migrants and refugees, between those who constitute a threat and those who seek asylum. There should have been clear legal definitions of who qualifies as a foreigner, an illegal immigrant, a refugee, or a stateless person. For a Government that promotes *Vasudhaiva Kutumbakam*, the absence of a streamlined framework for refugees and asylum seekers is questionable. In 2024, the Supreme Court has noted the poor conditions in detention centres, especially inadequate water, sanitation, toilet facilities and all this is inhuman.

Another glaring omission is the absence of a special immigration tribunal as recommended by the 175th Report of the Law Commission. Instead the new Bill delegates this power entirely to executive immigration officers. This heavy executive power is a recipe for misuse and overreach by the Government. Without an appellate judicial recourse and the burden of proof on the individual, the system is skewed against vulnerable individuals facing deportation. How will people, who do not have documents, prove their citizenship or nationality? How many of us here, in this House, possess Birth Certificates? I would like to bring the case of a retired Indian Army official who was declared a foreigner by the Foreigners Tribunal in Assam and sent to one of the Assam's detention centres on May 29. In an interview to the media, he had stated, 'People have been lodged inside camps for years and they are genuine citizens, not foreigners. Most are inside mainly due to technical errors in the official documents.' Another man from the State, following a 12-year legal battle and his citizenship restored just last year, died after two years. While the burden of proof is disproportionately placed on the individual, the State has been given overarching powers to prosecute with even a Head Constable being allowed to arrest somebody without a warrant! I think, this is outrageous.

Madam, as I conclude, in the Government's typical fashion that 'any foreigner posing a threat to India's integrity will be denied entry into the country or permission to stay.' What kind of threat? Threat to the nation or threat to the Government! I'm afraid this Clause will be used to cancel visas of people critical of the regime. For example, foreign journalists, academics, other professionals.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): आप complete कीजिए, आपका समय हो गया है।

DR. FAUZIA KHAN: Madam, I am concluding. In our pursuit of national security and sovereignty, we must not sacrifice the very principles that define us as a nation. While dealing with potential threats, we must not lose sight of due process and basic

Contents Page

human values and basic human rights. Let us not forget that culturally, for us Indians, these values hold immense importance. Let the sentiment of hatred not blind us to the point of insanity. ...(*Time-bell rings.*)... I urge this Bill to be sent to a joint committee. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): अगले वक्ता के रूप में माननीय सदस्य, श्री संजय सिंह जी हैं।

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): महोदया, आपने मुझे इस अति महत्वपूर्ण बिल पर अपनी बात कहने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद। मैं सरकार का पक्ष सुन रहा था, उनकी चिंताओं को सुन रहा था और उन्होंने इस बिल का जो मकसद बताया, वह सुन रहा था। महोदया, भारत की सुरक्षा निश्चित रूप से सर्वोपरि है। राष्ट्र की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं होना चाहिए। देश के अंदर किसी को भी अवैध तरीके से घुसपैठ करने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। देश के अंदर कहीं भी अवैध घुसपैठिया नहीं होना चाहिए, लेकिन पिछले 11 साल से इस देश के अंदर आपकी सरकार है, ज्यादातर राज्यों में डबल इंजन की सरकार है।...(**व्यवधान**)... ऊपर भी मोदी जी, नीचे भी मोदी जी, ऊपर भी मोदी जी, नीचे भी योगी जी, ऊपर भी मोदी जी, नीचे भी हिमंत बिस्वा सरमा जी ...(**व्यवधान**)... महोदया, चारों तरफ महामानव की सरकार, वे तो अपने आपको अवतार भी कहते हैं और उस अवतार की सरकार में घुसपैठ हो जा रही है! 11 साल से अगर हिंदुस्तान के किसी कोने में अवैध घुसपैठिया है, अवैध रूप से कोई नागरिक रह रहा है, तो उसके लिए सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा जिम्मेदार नहीं है।

महोदया, बॉर्डर की सुरक्षा किसके पास है? बॉर्डर की सुरक्षा गृह मंत्रालय के पास है। वहाँ पर बीएसएफ लगी हुई है। चीन घुसपैठ कर रहा है। हम लोग चिल्लाते हैं, बोलते हैं, आपको उसके बारे में बोलने की फुर्सत नहीं है। गलवान घाटी में हमारे 20 जवान शहीद हो गए, लेकिन शर्म आती है, उस चीन के साथ आपने अपना व्यापार बढ़ाने का काम किया है, हिंदुस्तान का रुपया उन तक पहुँचाने का काम किया है।

4.00 P.M.

देश के बॉर्डर की सुरक्षा आपके जिम्मे है। मैं बड़ा हास्यास्पद तर्क सुन रहा था, बहुत ही हास्यास्पद तर्क! यहां टीएमसी के हमारे मित्र बैठे हुए हैं। वे कह रहे थे, बॉर्डर लगा हुआ है बंगाल के साथ, बॉर्डर लगा हुआ है असम के साथ, त्रिपुरा के साथ, उस समय कांग्रेस की सरकार थी, टीएमसी की सरकार थी, फलां थी, ढिमका थी। आधार कार्ड बन गया, इसलिए उसी आधार कार्ड ने सब गड़बड़ कर दिया और उसी आधार कार्ड की वजह से एक बंगलादेशी घुसपैठिया बंगाल से चला, असम से चला, त्रिपुरा से चला, झारखंड पार किया, बिहार पार किया, यूपी पार किया, दिल्ली आ गया और ये बेचारे देखते रहे, इन्होंने कुछ नहीं किया। यहां माननीय एलओपी साहब, मल्लिकार्जुन खरगे जी भी बैठे हैं, ये भी राज्य में मंत्री रहे हैं, प्रमोद तिवारी जी भी राज्य में मंत्री रहे हैं। इन दोनों

Contents Page

से भी सरकार के लोग पूछ लें, ये भी आपकी मदद कर देंगे। किसी राज्य के अंदर कोई व्यक्ति आ गया, तब उस राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है, लेकिन मुझे लगता है, आजकल पूरा का पूरा गृह मंत्रालय सुपरमैन की पिक्चर देख रहा है, पूरे भाजपाई सुपरमैन की पिक्चर देख रहे हैं और कैसे देख रहे हैं? बंगाल में 50 किलोमीटर की सुरक्षा बीएसएफ के पास है। एक बंगलादेशी खड़ा होता है, उस बॉर्डर पर खड़ा होता है, जहां बीएसएफ होती है, जहां गृह मंत्रालय होता है, वह व्यक्ति छलांग लगाता है और 50 किलोमीटर छलांग मारकर सीधे ममता जी के पास पहुंच जाता है और कहता है, ममता जी, आधार कार्ड दे दीजिए। यह हो रहा है, क्या? 50 किलोमीटर आप नहीं रोक पा रहे हैं, अपनी नाकामी आप नहीं बता रहे हैं। असम के अंदर, त्रिपुरा के अंदर, बंगाल के अंदर जो बॉर्डर है, वह आपके जिम्मे है और उसकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ आपने किया है, गृह मंत्रालय ने किया है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। आप अपने दोष राज्य सरकारों के ऊपर मढ़ते हैं! आधार कार्ड तो आदमी तब मांगेगा, जब राज्य की सीमा में घुसेगा। जब 50 किलोमीटर सीमा की सुरक्षा आपके जिम्मे है, तो आप क्या कर रहे थे, आपकी सरकार क्या कर रही थी? क्या वह बंगलादेशी सुपरमैन है, जो सीधे 50 किलोमीटर फांदकर आएगा और 50 किलोमीटर के बाद सीधे ममता जी के पास पहुंच जाएगा और कहेगा, हमें आधार कार्ड दो? यह कैसा तर्क है?

आपने कहा, भारत के अंदर कोई भी नागरिक अवैध पासपोर्ट, अवैध वीजा लेकर नहीं रह सकता, लेकिन मैं दूसरी बात आपसे पूछना चाहता हूँ। इस बात का मैं समर्थन करता हूँ कि वह बिल्कुल नहीं रह सकता, लेकिन जो हिंदुस्तान के डकैत आज विदेशों में बैठकर हमको चिढ़ाने का काम कर रहे हैं, जिन्होंने हमारी बैंकों को लूटा है, जिन्होंने आम आदमी का पैसा लूटा है और 20,000 करोड़ की लूट करने वाले नीरव मोदी और मेहुल चोकसी कई वर्षों से हिंदुस्तान छोड़कर बाहर बैठे हुए हैं और इस देश को चिढ़ा रहे हैं।[£] वह हिंदुस्तान की बैंकों का 3,000 करोड़ लूटकर विदेशों में बैठा हुआ है। आप उसको आज तक वापस क्यों नहीं ला पाए? विजय माल्या, हिंदुस्तान का 9,000 करोड़ रुपये लूटकर, हिंदुस्तान के बैंकों का लूटकर, हिंदुस्तान के आम आदमी का पैसा लूटकर विदेशों में बैठा हुआ है। वह आपको चिढ़ाता रहता है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): माननीय सदस्य, कृपया विधेयक पर ही अपनी बात रखें।

श्री संजय सिंह: महोदया, मैं विषय पर ही बोल रहा हूँ। इन्हीं लोगों से सीखा है।

श्री नित्यानन्द राय: महोदया, ...(**व्यवधान**)...

SHRI SANJAY SINGH: Madam, I am not yielding. ...*(Interruptions)*... I am not yielding. मंत्री जी को तब बोलने दिया जाए, जब मैं yield करूँ। I am not yielding.

[£] Expunged as ordered by the Chair.

श्री नित्यानन्द रायः महोदया, मैं आपका संरक्षण चाहता हूँ। ...(**व्यवधान**)... जब आप बिल से बाहर बोल रहे हैं, तो आप बिल से बाहर सुनने के लिए भी तैयार रहें। ...(**व्यवधान**)...

श्री संजय सिंहः एकदम ठीक है। जब आपका मौका आएगा, आप बोलिएगा। महोदया, हम लोगों ने टीवी चैनल पर खबर देखी, विजय माल्या आएगा, तिहाड़ की बैरक में रहेगा, यहां पर उसको रोका जाएगा, यहां उसको सजा दी जाएगी। टीवी चैनल वाले यह खबर चला रहे थे और ये लोग भी बोल रहे थे कि विजय माल्या को लाएंगे। 9,000 करोड़ की लूट करने वाला विजय माल्या आज विदेशों में बैठकर चिढ़ा रहा है। एक ललित मोदी है, जिसने कौन-से देश की नागरिकता ले ली है, संजय राउत जी? मैं तो वह नाम ही भूल गया! ...(**व्यवधान**)... Vanuatu. उसने वानूआतू की नागरिकता ले ली। उसने कहा, "एक करोड़ जमा करो।" वानूआतू चलो। वह वानूआतू चला गया।

नितिन संदेसरा हिंदुस्तान के 6 हजार करोड़ रुपये लूटकर विदेशों में बैठा हुआ है और आपको चिढ़ा रहा है। महोदया, मैं इस सदन का सम्मानित सदस्य हूं, देश के सर्वोच्च सदन का सदस्य हूं। बड़े दुख और पीड़ा के साथ कह रहा हूं ...(**व्यवधान**)... मेरा पासपोर्ट जब्त है। ...(**व्यवधान**)... क्या मैं हिंदुस्तान का नागरिक नहीं हूं? क्या मैं इस सर्वोच्च सदन का सदस्य नहीं हूं? मैं मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट हूं, लेकिन मेरा पासपोर्ट जब्त है। मैं कहना चाहता हूं, अगर वास्तव में तुम्हारी नीयत साफ है, तो आज हिंदुस्तान के अंदर जिन-जिन लोगों का 50 करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है, सबका पासपोर्ट जब्त करो। कोई हिंदुस्तान छोड़कर भागने न पाए। ...(**व्यवधान**)... आप अनावश्यक बातें करते हैं! 11 साल से आपकी राज्यों में सरकार है, 11 साल से आपकी केंद्र में सरकार है। फिर भी बंगलादेशी घुसपैठियों की सही संख्या नहीं बता पाते कि आपने कितने भगाए? आज बताइए, आपने कितने लोगों को भगाया? 11 साल के अंदर आपने कितने बंगलादेशी घुसपैठियों को भगाया? केवल राजनीति करते हैं। जब बंगाल का चुनाव आता है, तब राजनीति शुरू! जब बिहार का चुनाव आता है, तब राजनीति शुरू! लेकिन इससे ऊपर भी सोचो। इन्होंने कितना बड़ा पाप किया, पूरे देश को सुनना चाहिए! पंजाब में बीएसएफ की देखरेख की सीमा को बढ़ाकर 50 किमी तक कर दिया। इसके साथ-साथ, [£] आप वही लोग हैं, जिन्होंने हमारे भारत के नागरिकों का अपमान किया। 144 करोड़ की आबादी वाला हिंदुस्तान, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हिंदुस्तान, दुनिया में भारत की बात जब आती है, तब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से हमारी पहचान, भारत की बात जब आती है, तब गौतम बुद्ध से हमारी पहचान, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर से हमारी पहचान। लेकिन मुझे शर्म आती है कि अमेरिका ने 144 करोड़ की आबादी वाले हिंदुस्तान के नागरिकों को हथकड़ी पहनाकर, पैरों में बेड़ियां डालकर हिंदुस्तान की धरती पर भेजा, और आपको शर्म नहीं आई? आप हंस रहे थे, मज़ाक उड़ा रहे थे! अमृतसर में जब हमारे नागरिकों को हथकड़ियों में उतारा गया, तब प्रधान मंत्री वहां उस वक्त थे, लेकिन उन्होंने कोई सवाल नहीं उठाया। फिर उन नागरिकों को कैदियों की वैन में बैठाकर हरियाणा भेज दिया गया। आपको बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

[£] Expunged as ordered by the Chair.

Contents Page

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): माननीय सदस्य, आपका बोलने का समय समाप्त हो गया। हम राष्ट्र भक्त थे, हैं और रहेंगे। आपसे किसी भी प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं है। ...(**समय की घंटी**)... ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, आपका समय हो गया।

श्री संजय सिंह: आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): अगले वक्ता श्री शंभू शरण पटेल। आपका समय दस मिनट का है।

श्री शंभू शरण पटेल (बिहार): जी मैडम, मैं दस मिनट में ही बोलूंगा। उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण बिल अप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। महोदया, इस बिल का उद्देश्य भारत में विदेशियों अप्रवास, प्रवेश और प्रवास को विनियमित करना है। 1975 में एक फिल्म शोले आई थी, जिसमें एक मशहूर डॉयलॉग था, असरानी जी ने कहा था कि मैं अंग्रेज के जमाने का जेलर हूं। उसी तरह से अभी हमारे स्वतंत्र भारत में भी अंग्रेज़ के जमाने के बनाए गए कानून चले आ रहे थे, जिसका अवलोकन करने के बाद माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने बहुत से गैर-जरूरी कानून को निरस्त किया और कुछ कानूनों को संशोधित कर उसे आजाद भारत का कानून बनाया है।

उपसभाध्यक्ष जी, अभी भारत में प्रवासी विदेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश हेतु चार कानूनों का प्रावधान है। जिसमें पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम, 1939, विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 और अप्रवास (वाहक दायित्व) अधिनियम, 2000 हैं। जैसा मैंने पूर्व में कहा कि उपरोक्त चार कानूनों में से तीन कानून आजादी के पहले के हैं, जिन्हें निरस्त कर स्वतंत्र भारत का कानून बनाना जरूरी था। अप्रवास और विदेशियों विधेयक, 2025 पारित हो जाने के बाद अब नया अप्रवासन कानून बनेगा, जिससे भारत की सुरक्षा मजबूत होगी और भारत में अवैध घुसपैठ पर लगाम लगेगी। हमारा देश भारत ...(**व्यवधान**)... मेरा टाइम पॉज किया जाए। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): आप बोलिए। शंभू जी, आप बोलिए, बाकी सब बैठ जाइए। आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... शंभू जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप सब बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... यह कौन-सा रूल है। शंभू जी, आपको समय दिया जा रहा है।

श्री शंभू शरण पटेल: महोदया, 2014 के पहले भारत के नेतृत्वकर्ता के नेतृत्व में सभी डिपार्टमेंट्स में घोटाले और भ्रष्टाचार व्याप्त था। 2014 के बाद जब माननीय प्रधान मंत्री जी ने देश की गद्दी को संभाला, तो उस समय भारत की अर्थव्यवस्था, दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। उसके बाद 2014 से लेकर अभी 2025 जो चल रहा है, उसमें भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और इसको कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। भारत में अब व्यापार करना आसान हो गया है।

Contents Page

भारत में शिक्षा प्राप्त करना, अस्पतालों में सस्ते और अच्छे इलाज की वजह से मेडिकल टूरिज्म की संख्या बढ़ी है। महोदया, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस होने की वजह से भारत में विदेश से आने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। महोदया, हमारा भारत देश 'अतिथि देवो भवः' और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' पर विश्वास रखता है। हम वैध रूप से आने वाले लोगों का दिल खोलकर स्वागत करते हैं, उनका सत्कार करते हैं, लेकिन जो अवैध रूप से आएंगे और जो आए हैं, उन्हें उसी तरह से उनके देश में वापस भेज दिया जाएगा।

महोदया, अभी हमारे आप पार्टी के सदस्य बंगाल सरकार के प्रवक्ता के रूप में बोल रहे थे, मैं उनकी बातों का भी जवाब दूंगा। हमारे विपक्षी दल के कुछ सदस्य फेडरल स्ट्रक्चर की बात करते हैं, प्रांतों के आंतरिक मामलों में केंद्र सरकार पर हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हैं, मैं आपके माध्यम से एक बात बताना चाहता हूं कि भारत एक स्वतंत्र राष्ट्र है और संसद में केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून भारत के सभी प्रांतों पर लागू होता है और खास कर देश की सुरक्षा और नागरिकता के सवाल पर सिर्फ भारत सरकार का कानून ही अंतिम रूप से मान्य माना जाता है।

महोदया, हमारे देश में एक प्रांत है – पश्चिमी बंगाल। वह भारत का एकमात्र ऐसा प्रांत है, जहाँ पर अवैध रूप से सबसे ज्यादा बंगलादेशी मुसलमान और रोहिंग्या रहते हैं। उन लोगों को नागरिकता देने के लिए, वहाँ की सरकार के संरक्षण में उनके अवैध रूप से आधार काड्र्स, अवैध रूप से राशन काड्र्स, अवैध रूप से पासपोर्ट बनाये जाते हैं, उन्हें देश का वोटर बनाया जाता है। उनसे देश के खिलाफ पूरे हिंदुस्तान में घूम-घूमकर दंगे कराए जाते हैं। आज उन्हीं रोहिंग्या और बंगलादेशियों की वजह से बंगाल की यह स्थिति हो गई है कि वहाँ के बहुत सारे जिलों में हिंदुओं की संख्या घट गई है, वे अल्पसंख्यक हो गए हैं। वहाँ की बहन-बेटियों के साथ बंगलादेशी और रोहिंग्या जो अत्याचार कर रहे हैं, उसको बोलने में भी शर्म आती है।

महोदया, संजय जी बंगाल के प्रवक्ता बनकर बोल रहे थे, मैं उनके लिए यह कहूंगा कि वे बंगाल की हालत जाकर देखें। वे उत्तर दिनाजपुर में देखें, मालदा में देखें, कालियाचक में देखें, नॉर्थ चौबीस परगना में जाकर देखें कि हिंदुओं के साथ किस तरह से गलत व्यवहार किया जाता है। महोदया, ऐसे रोहिंग्याओं को, ऐसे बंगलादेशियों को वापस भेजने के लिए और उन्हें आइडेंटिफाई करने के लिए अगर भारत सरकार कोई भी कानून लाती है, तो देश हित में लाती है। हमारी सरकार हमेशा से राष्ट्र हित की भावना से काम करती है, न कि उनकी तरह तुष्टिकरण नीति के जैसे किसी एक धर्म और एक मज़हब के लिए काम करती है। हमारी सरकार का कहना है, 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास।' महोदया, आज तक जितना भी हुआ है, उसी आधार पर हुआ है। 2014 के बाद 2025 तक हमारी नरेन्द्र मोदी जी की सरकार जो भी कानून लाई है, वह सभी के लिए लाई है और देश को सुरक्षित करने के लिए लाई है, देश के विकास के लिए लाई है, न कि किसी धर्म और मज़हब के खिलाफ लाई है।

महोदया, आज मैं सदन के माध्यम से देश के माननीय प्रधान मंत्री और गृह मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि जो बंगलादेशी और रोहिंग्या अवैध रुप से पश्चिमी बंगाल और झारखंड के कुछ एरियाज़ में रह रहे हैं, उनकी जांच एनआईए को दें और उसके लिए एक कमेटी भी बनाएं। महोदया, ऐसे जो लोग अवैध रूप से रह रहे हैं, उन्हें देश से अविलंब डिपोर्ट किया जाए। महोदया, 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' का मुख्य उद्देश्य देश में अवैध अप्रवासन को

Contents Page

रोकना, देश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करना और विदेशी घुसपैठियों को रोकना है। महोदया, संजय जी राज्य की सरकार कह रहे थे, वहाँ तो केंद्र की सरकार है, बीएसएफ के जिम्मे सुरक्षा है, तो मैं इस पर उनसे यह कहना चाहूंगा कि आप 2014 से पहले जितनी घुसपैठ हुई है, उसका और जो अभी तक की घुसपैठ है, उसका डेटा मिला लीजिए, आपको पता चल जाएगा।

महोदया, पहले बंगलादेश की पूरी सीमा, जो लगभग 2,000 किलोमीटर से ऊपर की है, वह पूरी तरह से खुली हुई थी, लेकिन आज हमारे माननीय गृह मंत्री जी के नेतृत्व में लगभग 85 परसेंट सीमा में बाड़ लगाने का काम हो चुका है। माननीय गृह मंत्री जी ने कहा था कि बहुत सारी ऐसी जगहें हैं, जहाँ पर फेंसिंग नहीं हो सकती है, क्योंकि वहाँ पर नदी है, नाला है तथा और भी कुछ है, इसलिए इन्हें इस बात को समझना चाहिए। जिन संजय जी ने आरोप लगाया है, जिनके खिलाफ परिवारवाद की बात करके सत्ता में आए – वे कहते थे इंदिरा का पुत्र कौन - राजीव, राजीव का पुत्र कौन, राजीव की पत्नी कौन – सोनिया, सोनिया का बेटा कौन – राहुल। महोदया, वे डीएमके पर बोले – अभी राम गोपाल जी मौजूद नहीं हैं, वे उनकी पूरी फैमिली पर भी बोले, लेकिन उन्होंने उन्हीं के साथ जाकर सरकार बनाई, लेकिन हमारी सरकार पर दोषारोपण करने का काम करते हैं।

महोदया, इस कानून के आने के बाद देश में जो विदेशी लोग आते हैं, चाहे वे मेडिकल टूरिज्म के नाम पर आएं या एजुकेशन के लिए आएं या फिर घूमने के लिए आएं, वे जिस अस्पताल में, जिस यूनिवर्सिटी में रहेंगे, जिस होटल में रहेंगे, उनको उसकी ऑनलाइन इंफॉर्मेशन सरकार को देनी होगी। इसमें गलत क्या है? संजय राउत जी चले गए, वे कह रहे थे कि ये देश को जेल बनाना चाहते हैं। यह देश जेल नहीं है। यह देश 'अतिथि देवो भवः' के सिद्धांत पर चलता है। उनके कार्यकाल में, यूपीए के कार्यकाल में ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): कम्प्लीट करिए, आपको एक मिनट का समय और...

श्री शंभू शरण पटेल: मैडम, मुझे एक मिनट और दे दीजिए। अभी मेरा टाइम बाकी है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): अभी आपके पास समय है।

श्री शंभू शरण पटेल: यूपीए के कार्यकाल में सिर्फ 10 देशों के लिए ऑनलाइन वीजा का प्रावधान था। हमारी सरकार ने बढ़ाकर 169 देशों के लिए ऑनलाइन वीजा का प्रावधान किया है। आप बताएं कि हम लोग विदेशियों या अतिथियों को बुलाने का काम कर रहे हैं या उनको भगाने का काम कर रहे हैं? ये उनको डिसाइड करना है। किसी पर आरोप लगा देना, मिथ्या आरोप लगा देना, इसके अलावा विपक्ष के पास तो कुछ नहीं है। गांधी जी ने 1948 में ही कह दिया था कि जिस वजह से कांग्रेस बनी, वह उद्देश्य पूरा हो गया है और कांग्रेस को समाप्त हो जाना चाहिए। देश की जनता कांग्रेस को समाप्त कर रही है और हमारी सरकार अंग्रेजों द्वारा बनाए गए गलत कानूनों को संशोधित कर रही है और समाप्त कर रही है। हमारी सरकार का एक ही उद्देश्य है और वह है देश को विकसित राष्ट्र बनाना। नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

Contents Page

इसमें कहीं कोई दो राय नहीं है। मैडम, जो भी आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं, उनका काम ही है, उनकी नौकरी ही आरोप-प्रत्यारोप लगाना है।

मैडम, यह देश को मजबूत करने वाला कानून है। यह राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत-प्रोत कानून है। इसलिए मैं काकोरी कांड के बाद जब राम प्रसाद बिस्मिल जी की अंतिम इच्छा पूछी गई थी, तो उन्होंने राष्ट्र के लिए एक पंक्ति कही था। मैं उस पंक्ति को बोलते हुए अपनी वाणी को विराम दूंगा। उन्होंने कहा था :

जीवन पुष्प चढ़ा चरणों में, मांगे मातृभूमि से यह वर,
तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें।

जय हिंद! जय भारत! वंदे मातरम!

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): धन्यवाद। अगले वक्ता के रूप में माननीय सदस्य श्री रामजी। माननीय सदस्य श्री रामजी अनुपस्थित हैं। अगले वक्ता के रूप में माननीय सदस्य डा. अजित माधवराव गोपछड़े।

डा. अजित माधवराव गोपछड़े (महाराष्ट्र): सभापति महोदया, The Immigration and Foreigners Bill, 2025, यह विधेयक हमारे हिंदुस्तान की सुरक्षा, अखंडता एकात्मता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी, माननीय अमित शाह जी और माननीय नित्यानन्द राय जी का तन-मन से अभिनंदन करता हूं और धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूं। यह विधेयक क्यों आवश्यक है, मैं यह बताना चाहता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदया, हिंदुस्तान में बहुत सारी ऐसी जगह हैं, बहुत सारे ऐसे शहर हैं - हैदराबाद है, मालेगांव है, भिवंडी है - ऐसे कई शहरों में अवैध घुसपैठियों के माध्यम से, मृत व्यक्ति की बोगस वोटिंग होती है। यह बोगस वोटिंग का बहुत बड़ा षड्यंत्र है। हमारे देश में इन अवैध घुसपैठियों के माध्यम देश विरोधी ताकतें बड़ी मात्रा में मृत व्यक्ति की बोगस वोटिंग करती हैं और घर जाकर सो जाती हैं। मृत व्यक्तियों की बोगस वोटिंग के षड्यंत्र के माध्यम से, ये अवैध घुसपैठिए बहुत बड़ी मात्रा में करते हैं, इनमें रोहिंग्या है, बंगलादेशी है और बहुत सारे अन्य भी हैं। मैं गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानन्द राय जी का अभिनंदन करना चाहता हूं। बहुत सारे असामाजिक तत्व, राष्ट्र विरोधी ताकतें ऐसी हैं, जो अपने माता-पिता का नाम भी वोटर लिस्ट में नहीं लिखते हैं। इनमें ज्यादा से ज्यादा बंगलादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए बहुत बड़े प्रमाण में मिल गए हैं। एक आदमी सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ ले रहा है। वे बोगस वोटिंग तो कर ही रहे हैं, लेकिन हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ भी उठा रहे हैं। अवैध तरीके से रहने वाले ये बंगलादेशी और रोहिंग्या हजारों की संख्या में हैं। ये हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था पर ये घुसपैठिए एक बहुत बड़ा बोझ बन चुके हैं। उपसभाध्यक्ष महोदया, हिंदुस्तान के सरकारी अस्पताल, हिंदुस्तान के सरकारी स्कूल, मनोरंजन की जगह, हिंदुस्तान की सरकारी राशन की दुकानें, इनका मुफ्त में इस्तेमाल ये सारे अवैध घुसपैठिए कर रहे हैं। वे इन चीजों का लाभ ले रहे हैं। इन अवैध घुसपैठियों की वजह से, हजारों अवैध घुसपैठिए सरकार की सारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसकी वजह

Contents Page

से यह हमारी अर्थव्यवस्था के ऊपर बहुत बड़ा बोझ बन चुका है। इसके माध्यम से इन लोगों के द्वारा अनैतिक गतिविधियाँ की जा रही हैं और राष्ट्र विरोधी षड्यंत्र भी रचे जा रहे हैं। यह हमारे हिन्दुस्तान की आर्थिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन चुका है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, Tata Institute of Social Sciences और JNU के द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट भी आ गई है। उसमें एक उल्लेख किया गया है कि बंगलादेशी एवं म्यांमार से आए घुसपैठियों की वजह से हिन्दुस्तान में दिल्ली, मुम्बई कोलकाता, बेंगलुरु, मद्रास, इन जगहों पर, इन मेट्रो सिटीज़ की सुरक्षा के लिए ये खतरा बन चुके हैं। अभी जांगड़ा जी ने इसके बारे में बोला था, यह बहुत अच्छा है, मैं उनका अभिनंदन करता हूँ। मिजोरम और मणिपुर के बारे में उन्होंने कहा है कि यह समस्या देश के लिए क्यों गंभीर खतरा बन चुकी है। ये लोग, ये बंगलादेशी, रोहिंग्या म्यांमार की बाउंड्री से, बंगलादेश की बाउंड्री से यहाँ आकर तस्करी, दस्तावेज में जालसाजी, मानव तस्करी में लिप्त हैं। ये सारे लोग ऐसे आपराधिक नेटवर्क बना कर अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। मैं फिर से हमारे सांसद, जांगड़ा जी का अभिनंदन करना चाहता हूँ कि उन्होंने मणिपुर के बारे में बोला है। मैं इस कड़ी को आगे बढ़ाना चाहता हूँ। ये रोहिंग्या और बंगलादेशी, जो दूसरे देशों से इस मणिपुर में आए हैं, उन्होंने अवैध घुसपैठियों के माध्यम से वहाँ पर अवैध दृष्टि से नशीली चीजों की खेती करने का काम चालू किया है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, वे इन नशीली दवाओं और इन नशीली चीजों के माध्यम से अवैध रूप में पैसा भी ला रहे हैं, अवैध रूप में अत्याधुनिक हथियार भी ला रहे हैं, हमारे सामान्य नागरिकों के बीच में दहशत भी पैदा कर रहे हैं और एक अलग प्रशासन, एक अलग राज्य की माँग करना, यहाँ तक वे गए हैं। इतनी मर्यादा भंग करके ये लोग हमारे ही देश में रहते हुए यहाँ आकर अलग से राज्य माँग रहे हैं! यह शर्म की बात है। गृह मंत्री जी यह जो विधेयक लाए हैं, इसके लिए मैं उनका अभिनंदन करना चाहता हूँ कि उन दहशतगर्दों को, उन अवैध घुसपैठियों को यह सबसे बड़ा करारा जवाब है। यह मोदी जी का करारा जवाब है, यह माननीय अमित शाह जी का करारा जवाब है। हमारे देश में रह कर हमारे खिलाफ, हमारे हिन्दुस्तान के खिलाफ अलग राज्य की माँग करना, यह किस दृष्टि से शोभा देता है!

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, हमारी एक सांसद बहन ने अभी एक प्रश्न पूछा कि उन्हें confusion है कि घुसपैठिया क्या है और शरणार्थी क्या है। मैं बहन जी को समझाना चाहता हूँ कि घुसपैठिए की जो व्याख्या है, इस व्याख्या के अनुसार हिन्दुस्तान की सरकार की permission के बिना, हमारे देश में घुस कर, अवैध तरीके से रह कर राष्ट्र विरोधी कार्य में सम्मिलित होना, इसको घुसपैठिया बोलते हैं और शरणार्थी किसको कहा जाता है, तो शरणार्थी उसको कहा जाता है, जो हमारी सरकार को हाथ जोड़ कर, विनती करके कि हमें आपकी पनाह दो, ऐसा बोल कर जो यहाँ आकर, हमारे आश्रय में आकर शांति से और ईमानदारी से हमारी इस भारत माता की, इस देश की सेवा में समर्पित होता है, उसको हम शरणार्थी कहते हैं। मैं अपनी बहन को यह कहना चाहता हूँ कि यह हिन्दुस्तान है, यह बदला हुआ हिन्दुस्तान है। 2014 के पहले जो भी कानून थे, मैं गृह राज्य मंत्री, नित्यानन्द राय जी को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ कि वे सारे कानून, The Foreigners Act, 1946; The Passport Act, 1920; The Registration of Foreigners Act, 1939; ब्रिटिश शासन के दौरान के औपनिवेशिक कानून; The Immigration (Carriers' Liability) कानून, वर्ष 2000, ये सारे कानून आपने खत्म कर दिए, इसलिए मैं आपका अभिनंदन करता हूँ।

Contents Page

इन सबको एक करके, इनको एकीकृत करके आप जो नया बिल लाए हैं, इसके जरिए हिन्दुस्तान की प्रगति के लिए, हिन्दुस्तान की सुरक्षा के लिए आपने एक बहुत बड़ी पहल की है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, अभी कुछ लोगों ने proof माँगे थे। मैं यह बताना चाहता हूँ कि मद्रास उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय को भी यह कहा है कि यह अधिकृत मामला है। बहुत सारे अवैध प्रवासी हमारे देश में आकर, यहाँ रह कर छोटे-छोटे अपराध करके, एक नेटवर्क बना कर, नशीली दवाइयों और मानव तस्करी का काम कर रहे हैं और ये देश विरोधी ताकतों के साथ रह रहे हैं। उच्च न्यायालय ने भी हमें इसके ऊपर उपयुक्त कानून बनाने की सलाह दी है। हमें उस उच्च न्यायालय का भी सम्मान करना चाहिए। बेंगलुरु में, 2024 में बेंगलुरु पुलिस ने 93 बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। उसमें यह पाया गया कि ये सारे लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे। इससे बड़ा प्रूफ क्या चाहिए?

महोदया, यह जो विधेयक आया है, यह हमारे देश की सुरक्षा, हमारी उन्नति, हमारी समृद्धि और शांति के लिए हमारी सरकार की जिम्मेदारी है। हम किसी को रोकने के लिए यह विधेयक नहीं ला रहे हैं, बल्कि हम यह चाहते हैं कि यहाँ जो भी लोग आएँ, वे हमारे देश के कानूनों का पालन करें। अभी हमारे मित्र ने बताया कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थाओं को विदेशियों की उपस्थिति की सूचना देना बहुत ही अनिवार्य है। यह कानूनी रूप से बनाया जाने वाला एक सबसे बड़ा विधेयक है। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी का मन से अभिनंदन करना चाहता हूँ। माननीय मंत्री जी, आप यह जो विधेयक लाये हैं, इसके लिए मैं आपका अभिनंदन इसलिए करना चाहता हूँ, क्योंकि यह विधेयक केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को ही मजबूत नहीं करेगा, बल्कि इससे हमारी शिक्षा, रिसर्च, संशोधन, हमारे विदेशी व्यापारी, हमारे चिकित्सा यात्री, यानी मेडिकल टूरिज्म और विदेशी पर्यटन की वजह से हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का, हमारे राष्ट्र को समृद्ध करने का भी काम होगा। हिंदुस्तान वैश्विक स्तर पर आगे जा रहा है। हमारा जो अर्थ संकल्प है, जिस अर्थ संकल्प के लिए माननीय मोदी जी ने महासत्ता का जो सपना देखा है, उसमें हम इस विधेयक के माध्यम से वैश्विक स्तर तक जाने की बात कर रहे हैं।

महोदया, यहां पर बहुत सारी चीजें बताई गई हैं। इसमें अवैध प्रवेश पर कठोर दंड देना, बिना वैध पासपोर्ट या वीजा के भारत में प्रवेश करने पर 5 साल की कैद और 5 लाख तक का जुर्माना है। जाली दस्तावेजों का उपयोग और वीजा शर्तों का उल्लंघन भी होता है। परिवहन कंपनियों के मामले में देखिए, तो उनके द्वारा यात्रियों को बिना दस्तावेजों के ले जाने पर उनके ऊपर भी सजा और जुर्माना लगाना है। इसमें आव्रजन अधिकारियों को बिना वारंट के किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार भी प्रदान करना है। इसके लिए मैं माननीय गृह मंत्री जी का और प्रधान मंत्री जी का मन से अभिनंदन करना चाहता हूँ।

महोदया, यह विधेयक केवल एक कानूनी सुधार ही नहीं है, बल्कि यह भारत की सुरक्षा और भारत के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मैं विपक्ष से भी आग्रह करना चाहता हूँ कि वह इस विधेयक को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखे, बल्कि इसे राष्ट्रहित के चश्मे से देखे, इसे राष्ट्रीय विचारधारा के माध्यम से देखे। इस राष्ट्र के संरक्षण के लिए, राष्ट्र की प्रगति के लिए, भारत माता की प्रगति के लिए हमें महासत्ता बनाने के लिए, आइए, हम सब जन मिलकर, विपक्षी और हम सत्ताधारी, सभी मिलकर इस विधेयक का समर्थन करें, जिसकी वजह से हमारे देश की सुरक्षा को बहुत बड़ी मदद होगी, हमारा देश सुरक्षित होगा। जो बाहरी आतंकवादी हमारे देश में

Contents Page

आकर रहने की कुचेष्टा कर रहे हैं, उनको कुचलने का समय आ गया है। मैं चाहता हूँ कि आप सब लोग, इस सदन के हम सारे लोग, एक साथ मिलकर भारत माता की सेवा के लिए, इस सुरक्षा से संबंधित विधेयक का समर्थन करें। मैं आपसे विनती करते हुए, यही प्रार्थना करता हूँ, धन्यवाद, नमस्कार।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): अगले वक्ता के रूप में - माननीय सदस्य, श्री मस्तान राव यादव बीडा। आपका 3 मिनट का समय है।

SHRI MASTHAN RAO YADAV BEEDHA (Andhra Pradesh): Madam, I rise to support the Immigration and Foreigners Bill, 2025, on behalf of our Telugu Desam Party and our leader, the hon. Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri Nara Chandrababu Naidu. This Bill will replace the old laws, namely, the Passport (Entry into India) Act, 1920; the Registration of Foreigners Act, 1939; the Foreigners Act, 1946; and, the Immigration (Carriers' Liability) Act, 2000. In 2023-24, one crore individuals visited our country from various countries and this number is only going to grow as we head towards the *Aatmanirbhar* and *Viksit Bharat* 2047. I congratulate the hon. Home Minister, Shri Amit Shah, for giving us a comprehensive legislation. I would like to speak on three important points. One is about the educational institutions. As our country emerges as a global education destination, the requirement, under the proposed Bill, for maintaining accurate and secured records of students becomes very essential. Second is medical tourism. Over the last decade or so, we have seen an impressive growth in the medical tourism. In 2023, India has welcomed seven lakh medical tourists, contributing approximately US$ 9 billion to our economy.

Additionally, our Government has introduced *Ayush Visa* for foreign nationals to increase awareness and benefits of our traditional medical treatment methods. In the light of the above, there is a need to maintain comprehensive record of patients so that they can easily travel back and forth between India and their country. This Bill will help develop proper policy regarding medical tourism. The proposed Bill addresses this concern in Clause 10.

Third is Bureau of Immigration. Clause 5 of the Bill puts forward the establishment of Bureau of Immigration. This will help in modernizing the existing Bureau, which was established in 1971. Just as this Bill proposes to establish Bureau of Immigration, I would like the hon. Home Minister to consider setting up of a centralized authority for the welfare and safety of our Indian citizens, especially the migrant workers in foreign countries. In recent times, we are witnessing increasing incidents where Indian citizens are being targeted around the world and their families spent sleepless nights worrying about their welfare. Therefore, to help the families of

Contents Page

our citizens abroad and to facilitate their safety, I would like to urge the Government to take my proposal into the consideration.

Madam, Vice-Chairman, as India marches towards its goal of becoming the third-largest economy by 2027 and a fully developed nation by 2047 under the leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, this modern and robust immigration policy will undoubtedly play a crucial role in realizing these aspirations. I, therefore, support this Bill. I thank the Government for putting forward this important piece of legislation. Thank you, Madam.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): धन्यवाद। अगले वक्ता के रूप में माननीय सदस्य, श्री महेंद्र भट्ट जी हैं। आपका समय 10 मिनट है।

श्री महेंद्र भट्ट (उत्तराखंड): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि आपने मुझे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जिस विधेयक पर आज चर्चा हो रही है, उस पर अपनी बात रखने का मौका दिया।

महोदया, देश के अंदर घुसपैठ को रोकने के लिए यह कड़ा कानून है। पश्चिमी बंगाल में जिस प्रकार से घुसपैठ हो रही है, वह एक बहुत ही चिंतनीय विषय है। उस पर किस प्रकार से अंकुश लगे - इस कानून में उसका उल्लेख है। भारत में आने वाले वैध वीजा और वैध पासपोर्ट की अत्यंत आवश्यकता है - इस पर विस्तृत रूप से इस विधेयक में चर्चा है। जाली दस्तावेजों के खिलाफ कड़ा कानून इसके अंतर्गत है। वीजा अवधि के बाद भी भारत में रहने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो - यह भी इसमें उल्लेखित है। कब व्यक्ति आता है, कितनी अवधि तक रहता है, किससे पूछ कर रहता है - इन सब विषयों पर इस विधेयक में विस्तार से उल्लेख किया गया है। भारत में रुकने और आने-जाने का क्या उद्देश्य है - इसका भी उल्लेख विधेयक के अंदर है।

आज भी पश्चिमी बंगाल की 450 किलोमीटर की सीमा सुरक्षा के क्षेत्र में नहीं है। गृह मंत्रालय द्वारा घुसपैठ को रोकने के लिए पश्चिमी बंगाल सरकार को 10 बार पत्र दिए जाते हैं, पर, एक प्रकार से वहाँ की स्थानीय सरकार आँख मूंदे हुए है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रति वहाँ की सरकार की सहानुभूति का ही परिणाम है कि आज पश्चिमी बंगाल बंगलादेश और पाकिस्तान बनने की स्थिति में आ रहा है। अगर मैं पूरे विश्व की चर्चा करूं, तो अल्पसंख्यक लोग भारतवर्ष के अंदर सबसे सुरक्षित रहते हैं। हमने अनेकों लोगों को शरण भी दी है, चाहे उसमें पारसी समुदाय का क्षेत्र हो या तिब्बती समुदाय के लोगों को शरण देने का विषय हो, हम हर क्षेत्र में इस दिशा में सबका सहयोग करते हैं। अगर मैं घुसपैठ की चर्चा करूँ, तो यह मुख्य रूप से भारत- बंगलादेश सीमा के पास आने वाले राज्यों, पश्चिमी बंगाल, असम, मेघालय में काफी देखा गया है, लेकिन अब झारखंड में भी यह समस्या बढ़ रही है। बंगलादेश से सटे हुए पश्चिमी बंगाल के ऐसे अनेकों इलाके हैं, जिनके कारण यह घुसपैठ लगातार बढ़ रही है।

महोदया, पश्चिमी बंगाल के तीन जिले खास तौर पर मुर्शिदाबाद, मालवा और उत्तर दिनाजपुर पूरी तरह मुस्लिम बहुसंख्यक क्षेत्र बन चुके हैं। सीमा सुरक्षा बल अनेकों बार इनसे लड़ता है, घुसपैठियों को भगाता है, लेकिन घुसपैठ लगातार जारी है। पश्चिमी बंगाल के दीनापुर

Contents Page

में तो हाल ही में घुसपैठ को रोकने के लिए हुई मुठभेड़ में बीएसएफ के जवान घायल हुए। वहाँ पर घुसपैठिए हथियार लेकर देश के अंदर घुस रहे थे। बंगलादेश का ही एक नागरिक, जिसका नाम नूरुल हक है, वह अपना नाम बदलकर अधिकारी तक बन गया। उसका फर्जी पहचान पत्र और उसकी फर्जी वोटर आईडी बनी। उसने अपना फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड बनाकर वहां पर अपना स्थान बनाया। ...(**व्यवधान**)... उसने फर्जी बनाया है। वह फर्जी है, पूरी तरह से फर्जी है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): आप बैठ जाइए।...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए, इनको बोलने दीजिए। आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

श्री महेंद्र भट्ट: फरवरी, 2025 में सात बंगलादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार हुए। ...(**व्यवधान**)... उनको वहां पर 7,000 करोड़ रुपये लेकर बॉर्डर पार करते हुए पकड़ा गया। बंगाल की सरकार ने वहां पर इस प्रकार के लोग रखे हैं, जो सात-सात हजार रुपये लेकर वहां से लोगों को जबरदस्ती घुसपैठ करा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): जिन्हें बोलने की अनुमति है, कृपया वे ही बोलें। ...(**व्यवधान**)... आप लोग बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... इनको बोलने दीजिए।

श्री महेंद्र भट्ट: जनवरी, 2025 में बीएसएफ ने 24 से ज्यादा घुसपैठियों को बॉर्डर से खदेड़ने का काम किया है। ...(**व्यवधान**)... हर वर्ष, हर समय वहां इस प्रकार की स्थिति बनी हुई है। ...(**व्यवधान**)... महोदया, लोक सभा में 27 तारीख को ही यह विधेयक पारित हुआ। मैं कह सकता हूँ कि इसका उद्देश्य चार मौजूदा कानूनों को बदलना है, साथ ही, यह फर्जी पासपोर्ट के इस्तेमाल जैसे उल्लंघनों के लिए सख्त दंड पेश करता है। ...(**व्यवधान**)...

सुश्री सुष्मिता देव: *

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): यह बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। कृपया जिनको अनुमति हो, वे ही बोलें। ...(**व्यवधान**)...

श्री महेंद्र भट्ट: इससे विदेशियों के मामलों को अधिक स्पष्ट और व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करना है। यह नया कानून न केवल प्रवास संबंधी नियमों को एक साथ लाएगा, बल्कि विदेशी नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित करेगा। यह विधेयक न केवल प्रवासी समुदाय के लिए, बल्कि देश के समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण साबित होने वाला है।

* Not recorded.

Contents Page

महोदया, विदेशियों तथा अप्रवासन के मामलों की चर्चा बार-बार हो चुकी है, इसलिए मैं उसकी चर्चा नहीं करूँगा। ये मामले तीन विधेयकों के अधीन थे और अब इन तीनों विधेयकों को मिलाकर इसके विरुद्ध एक बड़ा विधेयक इस सदन के अंदर लाया गया है। इन कानूनों को निरस्त करने तथा व्यापक हितों में नया कानून बनाने के लिए यह विधेयक प्रस्तुत किया गया है। इस अधिनियम को बनाने का उद्देश्य अलग-अलग कानूनों की बहुलता को कम करना है। उत्तराखंड के अंदर भी बड़ी संख्या में बंगलादेशी घुस रहे हैं। इसका दूसरा उद्देश्य विदेशियों से संबंधित मामलों को विनियमित करना, जैसे वीजा की आवश्यकता, पंजीकरण, पासपोर्ट को पारदर्शी बनाना है। इसका तीसरा उद्देश्य भारत में प्रवेश करने तथा भारत से बाहर जाने वाले व्यक्तियों के लिए भी प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करना है। यह विधेयक विदेशों से आने वालों के लिए अनिवार्य पंजीकरण को बाध्य करता है। प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन, नाम परिवर्तन करके रहना, इसको भी यह प्रतिबंधित करता है। यह कानून इतना कड़ा है कि उसे ही सिद्ध करना होगा कि वह विदेशी नागरिक है। अब बिना वैध पासपोर्ट-वीजा के भारत में प्रवेश करना अपराध हो गया है और इसके लिए 5 वर्ष की जेल, 5 लाख का जुर्माने का प्रावधान किया गया है। जाली दस्तावेजों पर ठहरने या प्रवेश करने के लिए 2 से 7 वर्ष तक की जेल का प्रावधान किया गया है और इसके लिए इसमें 1 लाख से 10 लाख तक का जुर्माना तय किया गया है। तय समय से अधिक समय तक ठहरना, वीजा की शर्तों का उल्लंघन करने पर 3 वर्ष की जेल, 3 लाख का जुर्माना निश्चित किया गया है। अब रिपोर्टिंग अनिवार्य हो गई है। चाहे कोई विदेशी शिक्षण संस्थान में पढ़ रहा हो, विश्वविद्यालय में पढ़ रहा हो या जो विदेशी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में आते हैं, उनके लिए यह आवश्यक हो गया है कि वे निश्चित रूप से पंजीकरण करेंगे और उस पंजीकरण का पूरा रिकॉर्ड सरकार के अधीन रहेगा। ...(**व्यवधान**)...इसमें वाहनों की जवाबदेही भी तय की गई है। अगर कोई व्यक्ति या संस्था किसी विदेशी को कोई वाहन में लेकर आता है, तो ऐसे वाहनों पर भी दंड लगाने की व्यवस्था की गई है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): कृपया जिनको अनुमति हो, वे ही बोलें। ...(**व्यवधान**)... किसी और की बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी। बिना अनुमति के कोई न बोलें।

श्री महेंद्र भट्ट: अगर किसी विदेशी के लिए प्रवेश की मनाही है, तो वही व्यक्ति, जो उसको लेकर यहां आया है, उसको ससम्मान उसके देश पहुंचाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है, तो उस व्यक्ति की भी बिना वारंट के गिरफ्तारी होगी। इससे स्पष्ट है कि जो लोग विदेश से इस प्रकार से देश के अंदर लोगों को लाते हैं, उन पर एक प्रकार से अंकुश लगे और वे ऐसे लोगों को लेकर न आएँ, क्योंकि इसमें उन पर भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई है। यह विधेयक केंद्र को विदेशियों की आवाजाही को नियंत्रित करने का भी अधिकार देता है। अब विदेशियों को अपने व्यय पर ही भारत से बाहर निकलना होगा। पहले हमारी सरकार को इस बात के लिए बाध्य होना पड़ता था कि जो विदेशी यहां पकड़ा जाता था, उसको भारत सरकार भेजती थी, लेकिन अब उसको अपने खर्चे पर ही इस देश से बाहर निकलना होगा। अप्रवासन और विदेशी अधिनियम, 2025 भारत में अप्रवास ढांचे को आधुनिक बनाने का भी एक बहुत बड़ा प्रयास है। स्पष्ट कानूनी उपाय और

Contents Page

न्यायिक निगरानी के प्रावधान से राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता से मुक्ति मिलेगी, यह मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूँ।

महोदया, अभी हमारे कई साथी अनेक प्रकार की चर्चाएँ कर रहे थे। अगर किसी देश को शारीरिक रूप से तो नहीं, लेकिन अगर उसे मानसिक रूप से भी दिवालियेपन की ओर ले जाना होता है, तो उसके मानसिक संतुलन को बिगाड़ने का काम विदेशी लोग आकर करते हैं और उससे एक प्रकार की मानसिक गुलामी खड़ी होती है। हम इसके भुक्तभोगी हैं। हमने 100 सालों तक अंग्रेजों की गुलामी की है। उससे पहले भी हमने अनेक आक्रांताओं की गुलामी की है। मैं मोदी जी और गृह मंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूँ। देश के अंदर ऐसा कानून पहली बार आया है कि देश में आने वाला एक-एक घुसपैठिया, एक-एक व्यक्ति की पहचान होगी। यह पहली बार इस देश में होगा। अभी तक ऐसा माहौल बना हुआ है कि देश में कौन, कहां से घुस रहा है, कोई पूछताछ नहीं होती। किस प्रकार से अपने राज्यों के अंदर लाने के लिए लोगों को दिहाड़ी पर लगाया जाता है - इतनी संख्या में इतने लोगों को लाइए, इस वार्ड में, इस बूथ पर वोट कम है, इतने रोहिंग्या मुसलमानों को भारत में लाइए - इस प्रकार का काम भी इस देश में हो रहा है। राज्य सरकारें इसे करा रही हैं।

इस कानून के बनने के बाद भारतवर्ष में वही व्यक्ति रहेगा, जिसकी पहचान भारतीय होगी। जो भी व्यक्ति यहां रहेगा, हम उसका स्वागत करेंगे। हम हर व्यक्ति का स्वागत करते हैं ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): कृपया आप बैठ जाइए। चेयर की अनुमति के बिना कोई खड़ा नहीं होगा। आप बैठ जाइए। आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

श्री महेंद्र भट्ट: हमने भारत को बंधुत्व के भाव से देखा है, हम 'वसुधैव कुटुम्बकम' को मानते हैं। लेकिन भारत में रहकर, भारतीय नागरिकता न होने बावजूद भी एक व्यक्ति इस देश के अंदर किस प्रकार के हथकंडे अपनाता है - वह हम सबने देखा है।

आज देश के अंदर जो बम ब्लास्ट हो रहे हैं। देश में जिस प्रकार के धर्म परिवर्तन के मामले चल रहे हैं, ये सारी घटनाएं उन लोगों द्वारा की जा रही हैं, जो इस भूमि को मातृभूमि नहीं मानते, माता की भूमि नहीं मानते। ऐसे लोगों को अब किसी भी हालत में सहन नहीं किया जाएगा।

मैं तो कहता हूं कि मोदी जी अपने कार्यकाल में ऐसे-ऐसे कानून लेकर आए हैं, जो देश की समृद्धि और सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं आभार व्यक्त करता हूं, धन्यवाद करता हूं और अपनी वाणी को विराम देता हूं।

जय भारत! बहुत-बहुत धन्यवाद!

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): मैं अगले वक्ता के रूप में माननीय सदस्य रवंगवरा नारजारी जी को बोलने की अनुमति देती हूं। आपके पास बोलने के लिए तीन मिनट का समय है।

श्री रवंगवरा नारजारी (असम): उपसभाध्यक्ष महोदया, आपने मुझे the Immigration and Foreigners Bill, 2025 पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। The

Immigration and Foreigners Bill, 2025 reflects the commitment of Modi Government to streamline immigration policies, strengthen national security ensuring economic stability of the country. It is a landmark legislative union that replaces four outdated laws: The Foreigners Act, 1946; the Passport (Entry into India) Act, 1920; the Registration of Foreigners Act, 1939; and the Immigration (Carriers' Liability) Act, 2000, creating a unified legal framework strengthening immigration laws.

The proposed Bill is a part of continuation of Modi Government to dismantle colonial-era legislations. The Immigration and Foreigners Bill, 2025 continues this revolutionary agenda. Since 2014, the BJP-led NDA Government has repealed over 1,500 obsolete laws compared to just 1,301 repealed in the previous 64 years of independence. With a valid travel document such as passports and visas for entry into India, the proposed Bill applies to all foreigners, irrespective of religion. The Bureau of Immigration is created to manage immigration matters under the supervision of the Central Government which will be supported by regional and local officers responsible for registering and managing foreigners. The Bill introduced provisions for limiting foreign movements, monitoring locations frequented by foreigners and founding carrier accountability with stringent penalties which could be fined with an amount not less than Rs.2 lakh and can go up to Rs.5 lakh. Even failure to pay the fine will attract seizure or detention of the transport vehicle, which could include aircraft, ships or other modes of transport. A robust punishment mechanism for violation of this proposed law has been established with a power to remove foreigners. The penalty charges have been enhanced significantly in this proposed Bill up to seven years jail term along with a fine up to Rs.10 lakh, which have been extended to any individual using forged or fraudulently obtained travel documents.

Security of India's borders and protection of illegal immigration is the comprehensive strategy of the Modi Government prioritising robust border control. Border fencing projects of Rs.31,000 crore to fence the entire 1,643 km Indo-Myanmar border are under way. The Comprehensive Integrated Border Management Systems have been positioned along sensitive borders with Pakistan and Bangladesh to integrate manpower with cutting-edge surveillance technologies.

Madam, 154.7 billion rupees were allocated for constructing 2,088 km of road along the India-China border between 2018 and 2023. The Modi Government has simplified India's immigration infrastructure, increasing Passport Seva Kendras from 77 in 2014 to over 500 today, while reducing passport issuance time from 45 days to just 5 days. Under the decisive political leadership of hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi, the Government has significantly modernized India's immigration and visa services by integrating stricter enforcement measures.

Contents Page

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): आपका समय समाप्त हुआ।

SHRI RWNGWRA NARZARY: Madam, just 30 seconds! The Immigration, Visa and Foreigners' Registration and Tracking Scheme, extended till 2026, with a financial outlay of Rs. 1,364.88 crore, exemplifies this commitment. Madam, with these few words, I conclude my speech. Thank you.

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती माया नारोलिया): अगले माननीय सदस्य श्री एस. निरंजन रेड्डी।

SHRI S NIRANJAN REDDY (Andhra Pradesh): Hon. Vice-Chairperson Madam, my Party rises to support the Bill. This Bill replaces some of the old enactments. So, I am looking at the Bill as something that is going to serve the country for the next 80 years in place of old Acts. There are some clauses which may be capable of abuse but, I think, the intent of the Bill seems to facilitate registration and have everything done in an organized manner. While some fears have been expressed by some of my friends, and some of them may be well-grounded, I don't share those suspicions because I find that this Bill broadly aligns with the Acts which are there in some of the developed countries. When we travel abroad, we register with hotels; wherever we go, the carrier registers our names. So, broadly, this aligns with the best practices of the developed countries. But, I have one concern.

(MR. CHAIRMAN *in the Chair*.)

Sir, my concern is that the timing of the introduction of the Bill coincides with a slight reduction in the foreign tourist arrivals in India. This is a well-meaning Bill, but this needs to be implemented in a slightly careful and gradual manner because the Immigration Officers, who have been given vast powers under this enactment, may also need to be prepared and counseled with regard to how they may need to have a friendly face when it comes to dealing with the foreigner-related aspects. Because the Bill lacks a provision in relation to having a Grievance Cell or a Facilitation Desk or a Help Desk, this could be provided by way of instructions, which could be given by the Central Government. Any foreigner entering India, having a problem with any of these aspects, should have an easy mechanism of expressing his grievance which needs to be addressed. That may help tourist arrivals into India and take away the difficulties for well-meaning foreigners who are coming in. As I see, this Bill is aimed at one or two per cent of mischief-mongers who may be coming into India and the country seeks to avert it with a well-intended plan. But this should not inconvenience

Contents Page

the 98 per cent. Clause 3(2) of the Bill provides that an Immigration Officer can stop any person when the person is going outside India. I have one area of concern which I would highlight to the Government and see how they will be able to address it. Mr. Chairman, Sir, Proviso to Clause 3, Sub-Clause (2), says, "Provided that notwithstanding anything contained in this sub-section, no person shall be allowed to depart or exit from India, if his presence is required in India by any authorised agency or on such grounds as the Central Government may, by order, specify in this behalf." This 'authorised agency' is not defined. So, it could be any agency writing to an Immigration Officer that a person should not be allowed to travel and the ground that the Central Government may specify in the order seems to lack a little bit of direction. But, I am trusting that these small areas which may give rise to problem areas would be addressed by the Government when they are issuing appropriate orders.

Sir, I find that the Bill leaves a lot of responsibility with the Immigration Officer. There is no oversight. Since there is an Immigration Bureau, I would recommend to the Government to consider whether it would want to bring in a provision that any decision of the Immigration Officer should be made appealable to the Immigration Bureau or any other authority so that some of the erratic decisions can be corrected. Then, I find it good that the Government has retained the power under Clause 33 to grant exemption to certain categories of tourists or certain classes of persons from the operation of the Act. This is a universal phenomenon; many countries have different mechanisms for people arriving from different countries. Some of the countries that we do not have a problem with, the Government may have to actively exercise its power under Clause 33, for providing exemption for such category of persons in relation to certain aspects that can be avoided. While the Bill, at present, does not provide for this, the penalties and the clauses would mean that all of these would go before the regular courts. In the longer run, the Government may consider whether they may want to designate some special courts, including bringing an amendment into this Bill, which will deal with these cases and some of the regular courts can be designated as special courts.

Lastly, the aspect of privacy, -- since data collection is being done at various levels -- the Government may have to focus on the aspects of privacy because the Supreme Court has said, Fundamental Rights would apply to the foreigners as well and the Right of Privacy has been read into Article 21. So there could be a possible challenge on the Act saying that this would invade the privacy of a person unless you make an adequate provision.

In conclusion, I would recommend that while the Bill seems to achieve an object, it can go a little further. I would look at it as a work in progress. We support

Contents Page

the Bill, but we would request the Government to look into it for any further clarifications or directions it can issue under the Act. And, I think, this Act can be improved by one or two other provisions that may have to be brought in at some subsequent point of time. Thank you so much Mr. Chairman, Sir, for this opportunity.

MR. CHAIRMAN: Well, Dr. V. Sivadasan wanted to speak after 5 p.m. But since you are here, your time starts now.

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Respected Chair and the august House, the hon. Home Minister is saying that the nation cannot be a *dharmashala*. That means they are going to make the great nation into *a dharmashala*. What we call India today, is the product of centuries of accumulation of culture, language and knowledge from all over the world. It is the great strength of our nation, the power to assimilate, accommodate and cooperate. "*Vasudhaiva Kutumbakam*" was our ideal. The world is our family. I think, this Bill is against the spirit of the nation. This Bill gives arbitrary powers to the executive. This is completely unacceptable. The provisions of the Bill give arbitrary powers to the Government to exempt certain persons from the law. The decision of an immigration officer has been made final and binding!

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*.)

This is against the principle of natural justice. The Executive is taking all powers into their own hands. India has one of the largest diaspora in the world. They are prospering in various parts of the world. We should lead the world by the example. But this Government is not setting a good example before the world. This Government is blindly following what the far-right in every country practices, 'parochialism'. This is not the way forward. Prosperity of the nation will be created by the masses, especially the workers of the country, the downtrodden of the society. The Union Government is not bothered about them. That is why a huge number of Indian citizens are in foreign jails, including the fishermen in Tamil Nadu. But this Government has failed to address their problems. The integrity and the strength of the nation depends upon the peoples' will, not the will of the corporates. Many clauses in this Bill are violative of the Supreme Court's guidelines. Giving final and binding authority to the immigration officer is against the rule of law. This means there will be no appeal, no argument and no lawyer. This provision should be changed. The Bill has a lot of vagueness. One example of vagueness is about the damaged passports. What are the criteria to decide whether the purpose is damaged? It is largely left to

Contents Page

the discretion of the immigration officer and his decision will be final. There should be provision for immigration judges to ensure that the people are given natural justice. The people should have the right to be heard. Under this Bill, any foreigner, who is suspected of wrongdoing, can be arrested by any head constable and can be jailed for two to seven years.

5.00 P.M.

This kind of power should not be given to anybody. I am sorry to say that this Government has an infamous history of sending back academics and activists from foreign countries. They were given all permission. Yet, they were sent back from airports in an extremely humiliating manner. Why were they sent back? They were speaking against the politics of hatred which the ruling classes are using to divide the people.

The legislation states that any foreigner posing'threat' to India's integrity will be denied entry into the country or permission to stay. However, there is lack of clarity about what kind of a 'threat' the Bill is referring to. Thus, the ruling party will decide what the threat is. There are several foreign journalists and academicians in India. They have worked freely for years. This Bill will create concern in their mind as any Head Constable can arrest them over mere suspicion.

In our nation, citizens of India are facing various kinds of discrimination due to the politics of hatred. We should remember the words of Martin Luther King. He is not from India, he is from America. He told us, "I have a dream, I have a dream that one day my four little children will live in a nation, where they will not be judged by the colour of their skin, but they will be judged by the content of their character." We have differences in religion, language, ideas and identity. But, above all these differences, we have deep commitment to the values of humanity, मानवता।

I urge this Government to uphold the principle of democracy and send this Bill to a JPC. This is my humble request. That is why I request the Government to rethink about the Bill and support the democratic right of the people. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: *Mananiya* Nityanand Rai to reply to the discussion.

श्री नित्यानन्द राय: महोदय, आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 लाना आवश्यक क्यों हो गया था, इसके बारे में मैं बताऊंगा। इस बिल के संबंध में मान्यवर जॉन ब्रिटास जी और मान्यवर संदोष कुमार जी के द्वारा कुछ संशोधन दिए गए थे। साथ-साथ बहुत ही सीनियर मेंबर माननीय अभिषेक मनु सिंघवी जी से लेकर वी. शिवादासन जी तक 26 माननीय सांसदों ने और

Contents Page

सीनियर नेताओं ने इस पर अपने विचार रखे हैं। मैं उनके सुझाव, विचार और उनकी जो प्रतिक्रिया है, उसके संबंध में बताऊंगा। पहले मैं बिल की आवश्यकता पर जरूर प्रकाश डालना चाहूंगा।

महोदय, देश की सुरक्षा, देश के अर्थतंत्र को मजबूत करने के लिए, मुनाफा और व्यापार के दृष्टिकोण से देश की शिक्षा प्रणाली को पूरी दुनिया में स्वीकृति दिलाने के लिए, हमारी यूनिवर्सिटीज़ को वैश्विक बनाने हेतु देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के लिए एक मजबूत नींव डालने के लिए और इस देश को माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प के अनुसार 2047 तक दुनिया में सर्वोच्च बनाने के लिए यह बिल आवश्यक हो गया था। महोदय, हम इसके माध्यम से देश का विकास भी सुनिश्चित करेंगे। चार में से तीन अधिनियम आजादी के पूर्व के हैं। तीन अधिनियम, यानी 1920 1939 और 1946 के अधिनियम न केवल संविधान पूर्व काल के हैं, बल्कि वे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के असाधारण समय की विशेष स्थितियों के अनुरूप लाए गए थे। मेरे कहने का मतलब स्पष्ट हो रहा होगा, जबकि चारों अधिनियम में अंतर्निहित निरंतरता और उद्देश्य की समानता है, उक्त अधिनियमों में कुछ अतिव्यापी प्रावधान भी हैं। यह कानून बिखरे स्वरूप में था। इस कानून के बिखरे स्वरूप को एकरूपता दी गई है। इस विधेयक के पास होने से भारत में आने वाले हर विदेशी नागरिक का संपूर्ण, व्यवस्थित, एकीकृत और up-to-date लेखा-जोखा रखने का काम देश में होगा। ढेर सारी overlapping कम हो जाएँगी; एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ेगा; डाटा प्रबंधन और सत्यापन, दोनों की जटिलता समाप्त होगी।

महोदय, कुछ माननीय सांसदों ने यह सलाह दी है कि इसे समिति को refer कर दिया जाए। लेकिन मैं स्पष्ट रूप से बताना चाहता हूँ कि तीन साल के गहन विचार के बाद गृह मंत्रालय ने इस विधेयक को design किया है और बहुत सोच-समझ कर किया है, देश की आवश्यकता के अनुरूप किया है। महोदय, इसके जो मुख्य प्रावधान हैं, उनके अनुसार यह व्यापक कानून अनुपालन के बोझ को बहुत हल्का करेगा। इस बिल के मुख्य प्रावधानों में भारत में प्रवेश, ठहरने और बाहर जाने के लिए वैध यात्रा दस्तावेजों की अनिवार्यता कर दी गई है। सभी दृष्टिकोण से यह बिल एक प्रकार से हमारे सभी उद्देश्यों की परिपूर्ति करने वाला बिल है। आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 भारत में विदेशियों के प्रवेश, प्रवास, देश से निष्कासन और आप्रवास से संबंधित सभी मामलों के विनियमन के लिए प्रस्तावित है।

महोदय, आप्रवास ब्यूरो पहले से ही अस्तित्व में है, जिस पर सवाल उठाया गया। आप्रवास ब्यूरो, जो immigration के अधिकारी हैं, उसके संबंध में तो मैं स्पष्ट बताना चाहूँगा कि गृह मंत्रालय के तहत आप्रवास ब्यूरो पहले से ही काम कर रहा है। इस विधेयक में देश के लिए आप्रवास ब्यूरो को चिह्नित किया गया है, जो विदेशियों और आप्रवास के मामले के लिए एकमात्र एजेंसी होगी। यह कोई भारत में ही इस प्रकार की व्यवस्था नहीं की गई है, यह कई देशों द्वारा अपनाई गई प्रथा के अनुरूप है। इससे विदेशियों को केवल एक ही एजेंसी से व्यवहार करना होगा, जिससे उनके लिए देश में आप्रवास की सुविधा बढ़ेगी। जब उनका एक एजेंसी से सरोकार होगा, तो स्वाभाविक है कि जटिलता समाप्त होगी। हम कहाँ किसी को रोक रहे हैं! हम निगरानी करने की बात कर रहे हैं, हम उनका डाटा रखने की बात कर रहे हैं। महोदय, हम रोकने की बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन हमारे विपक्ष के माननीय सांसद यह कह रहे हैं कि जो विदेशी मेधावी लोग हैं, expert लोग हैं, वैसे लोगों को भारत में आने से रोका जा रहा है। महोदय, अब भारत को अपने देश के वैसे लोगों पर गर्व है, जिन्होंने research and development, ज्ञान-विज्ञान के माध्यम से अपनी

Contents Page

मेधा को प्राप्त किया है और भारत के निर्माण में लगे हैं। हम किसी भी वैसे विदेशी, वैसे expert लोगों का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन भारत की क्षमता पर, उसकी बुद्धिमत्ता पर, उसकी योग्यता पर भारत को गर्व है। इसलिए हम अपने पर भी गर्व कर रहे हैं और विदेश से वैसे लोग, जो देश में आकर भारत के विकास में, उसके research centre में, उसके पर्यटन को बढ़ावा देने के ख्याल से, शिक्षा प्राप्त करने के ख्याल से आएँगे, उनका स्वागत है। इसका विरोध नहीं होना चाहिए।

महोदय, गिरफ्तार करने, हटाने एवं track करने की शक्तियाँ भी इसमें स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई हैं। भारत में प्रवेश और ठहरने की अनिवार्यता की आवश्यकता का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की शक्तियाँ भी इस कानून में दी गई हैं, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत आवश्यक हैं। भारत से किसी विदेशी को हटाने की भी शक्तियाँ दी गई हैं। महोदय, अब वैसे विदेशी, जो यहाँ आकर हमारे देश में, हमारे ही देश के खिलाफ अगर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होते हैं, तो क्या उनको हटाया नहीं जाएगा! मैं इनसे यह पूछना चाहता हूँ। जैसा ये पहले करते थे, वैसा ही हम करें, यह नहीं होगा। यह मोदी की सरकार है। अगर कोई विदेशी यहां पढ़ता है या अस्पताल में दाखिल होता है, तो इसकी सूचना ऑनलाइन ही देनी है। उसकी सूचना तो देनी पड़ेगी। कोई कहां रह रहा है, इसका ट्रैक तो रहना ही चाहिए। पहले पता ही नहीं चलता था कि लोग आए, तो किस उद्देश्य से आए, कहां गए, क्या कर रहे हैं, क्यों कर रहे हैं, उनके करने का क्या कुप्रभाव पड़ रहा है, वे देश को क्या नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसका कोई लेखा-जोखा आपके जमाने में नहीं था। मोदी के जमाने में इसका लेखा-जोखा होगा। अगर जरूरत पड़ने पर वे अच्छे मन से आएँगे, तो उनका स्वागत भी होगा, लेकिन अगर भारत के विरुद्ध साजिश करने के लिए आएँगे, तो उनको इस देश में ठहरने नहीं दिया जाएगा। ...(**व्यवधान**)... अभी बता रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़, बैठ कर बात नहीं करें। ...(**व्यवधान**)...

श्री नित्यानन्द रायः मैडम, ...(**व्यवधान**)... आप इस प्रकार से असत्य आंकड़ा देकर, किसके कहने पर सदन को और देश को ऐसा कर रही होंगी, किसको सुनाने के लिए कर रही होंगी, किसको खुश करने के लिए कर रही होंगी, यह तो मैं नहीं जानता हूँ, लेकिन आपने गुमराह किया है। मैं आपकी गुमराही का पर्दाफाश करने वाला हूँ। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... महोदय, कुछ अन्य मुख्य धाराओं का भी प्रावधान किया गया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

श्री नित्यानन्द रायः जिनमें पंजीकरण की बात कही गई है। ...(**व्यवधान**)... विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों की जिम्मेवारी धारा 9 और 10 में तय की गई है। धारा 11 में संरक्षित या प्रतिबंधित क्षेत्रों के निषिद्ध स्थानों का दौरा भी रोका गया है। धारा 7 में बायोमेट्रिक जानकारी लेने के लिए कानून बनाया गया है। तो एक प्रकार से पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके

Contents Page

से एक कानून में बांधने का काम किया गया है। ...(**व्यवधान**)... क्या कह रही हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप चेयर को एड्रेस करें। ...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी, प्लीज़ आप चेयर को एड्रेस करें। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, आप सभी बैठिए। ...(**व्यवधान**)... सुष्मिता जी, please take your seat. ...(*Interruptions*)... आप सीट पर बैठ कर कमेंट नहीं कीजिए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

श्री नित्यानन्द रायः उपसभापति महोदय, कुछ लोगों ने कहा ...(**व्यवधान**)... हमारे कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आपस में बात नहीं कीजिए। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, अपनी सीट पर बैठिए।

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, मैं उंगली उधर नहीं करूंगा। ...(**व्यवधान**)... बोलने के समय हाथ ऐसे ही उठ जाता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः नहीं, आप इधर देख कर बोलें। ...(**व्यवधान**)...

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, मैं आगे से सावधान रहूँगा। मैं उधर उंगली नहीं उठाऊंगा और आपको ही देखकर बोलूंगा।

श्री उपसभापतिः बिल्कुल।

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, कुछ लोगों ने शंका व्यक्त की है कि भारत में विदेशियों के आने-जाने पर रोक के लिए व्यवस्था की गई है। हम तो भारत की परंपरा पर विश्वास करने वाले लोग हैं, हम विदेशियों को क्यों रोकेंगे? दुनिया भर के नागरिक अपने देश से दूसरे देशों में आते हैं, जाते हैं। भारत में भी बाहर से लोग आते हैं और भारत के लोग भी बाहर गए हैं। हमारे महापुरुष तो भारत की संस्कृति और परंपरा को लेकर विदेशों तक गये हैं। विवेकानंद जी से लेकर गांधी जी तक बाहर गए हैं और वहां से जो आए हैं, उनकी अच्छी बातों को भी भारत ने हमेशा आत्मसात किया है।

महोदय, माननीय गृह मंत्री जी लोक सभा में बोल रहे थे। लोग लोक सभा में उनके दिए गए एक-एक भाषण की चर्चा कर रहे थे, तो मुझे बहुत खुशी हो रही थी कि लोग उनको गौर से सुन रहे थे। वे समझ भी रहे होंगे, लेकिन वे सत्य को बोलने से परहेज कर रहे थे। इसका तो दुख जरूर होगा। 6वीं शताब्दी से 17वीं शताब्दी तक विदेशों से भारत में आए कई विद्वानों ने भारत के व्यापार, संस्कृति और सामाजिक प्रथाओं आदि के बारे में पूरी दुनिया को परिचित कराया। आज तो हम चाहते हैं कि विदेशों से लोग यहाँ आएँ, भारत की इस संस्कृति को देखें, मोदी जी के द्वारा 11 वर्षों तक किए गए सफल कार्यों से परिचित हों और वापस जाकर अपने देश और दुनिया को बताएँ। हम यह चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...महोदय, आज हमारे देश में लगभग 1 करोड़ 72 लाख

Contents Page

एनआरआईज़ हैं। इतना बड़ा diaspora और किसी देश का नहीं है। उन सबके सुचारू रूप से आने-जाने...(**व्यवधान**)... मैं तो विदेशियों की बात क्या, अपने diaspora के आने-जाने की बात कर रहा हूँ।...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, उनके सुचारू रूप से आने-जाने और उनकी सारी चिंताओं के निराकरण के लिए यह बिल मोदी सरकार लेकर आई है।...(**व्यवधान**)... महोदय, माननीय अभिषेक मनु सिंघवी जी जब बोल रहे थे, तब उन्होंने यह कहा कि मोदी सरकार लोगों को डराना चाहती है। मोदी सरकार लोगों को डराना नहीं चाहती है, डर उनको होना चाहिए, जो भारत में आकर, अगर भारत के खिलाफ साजिश करना चाहते हैं, तो उनमें यह डर पैदा होनी ही चाहिए।...(**व्यवधान**)... महोदय, अभिषेक मनु सिंघवी जी हमारे बड़े भाई हैं, आदरणीय सांसद हैं, इतने सीनियर हैं, बड़े नेता हैं, भले कांग्रेस की परिवारवादी व्यवस्था में दबे हुए हैं, यह अलग बात है। महोदय, इन्होंने कहा कि पाकिस्तान से जो लोग आ रहे हैं, उनके प्रति सरकार संवेदनशील है और पाकिस्तान से आने वालों पर जो कारवाई होती है, उससे भी ज्यादा कठोर कारवाई दूसरे देशों से आने वालों पर होती है। महोदय, माननीय गृह मंत्री जी कहे थे, जब देश का विभाजन हो गया, उसके बाद जब वहाँ धर्म के आधार पर लोग प्रताड़ित किए जा रहे थे, तो उन्हें तब आग्रह किया था कि अभी यहाँ स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए बाद में जो पाकिस्तान से यहाँ आना चाहेंगे, उनको यहाँ स्वीकार किया जाएगा। गांधी जी भी बोले थे, जवाहरलाल नेहरू जी भी बोले थे, सरदार पटेल साहब भी बोले थे। कांग्रेस भूल गई, लेकिन गांधी को मानने वाले मोदी को याद है और उन्होंने पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से आने वाले वैसे प्रताड़ित, जो धर्म के आधार पर प्रताड़ित हुए, जिनकी संपत्ति लूट ली गई, जिनको बेघर किया गया, जो अपने बहू-बेटियों की इज्जत बचाने के लिए पाकिस्तान छोड़ कर हिंदुस्तान में आने को मजबूर हुए, वैसे लोगों के प्रति तो संवेदनशीलता होनी ही चाहिए और जो है।

महोदय, मैं एक चीज जरूर कहना चाहूँगा कि 'पाकिस्तान' शब्द तो आज दुनिया में होना ही नहीं चाहिए था। भारत का बँटवारा होना ही नहीं चाहिए था। मैं इस संदर्भ में कह रहा हूँ।...(**व्यवधान**)... महोदय, मैं कहना चाह रहा हूँ कि जिस समय मुस्लिम लीग ने 1930 में, मैं जो बता रहा हूँ, वह रिकॉर्ड की बात है, दो राष्ट्र की परिकल्पना कर दिया था। लाहौर के अधिवेशन में बिल्कुल एक अलग राष्ट्र की मांग कर दी गई थी। उसी समय उसको रोक देना चाहिए था, लेकिन एक व्यक्ति की जिद, प्रधान मंत्री पद की लालच और जिन्ना के जिन्न ने देश का बँटवारा कर दिया, जो नहीं होना चाहिए था। महोदय, मैं यह इतिहास की बात कर रहा हूँ।...(**व्यवधान**)... सुष्मिता सेन जी कुछ बातें कह रही थीं।...(**व्यवधान**)...

सुश्री सुष्मिता देवः सुष्मिता सेन नहीं, सुष्मिता देव।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़, प्लीज़।...(**व्यवधान**)... आपस में बात नहीं करें।...(**व्यवधान**)... माननीय मंत्री जी, कृपया आप बोलें।...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री नित्यानन्द रायः सुष्मिता देव जी, उसके लिए मैं आपसे क्षमा याचना करता हूँ।

महोदय, इन्होंने कहा कि सीएए कानून अधिसूचित नहीं हुआ है। ये सदन और देश को गुमराह कर रही थीं। ...(**व्यवधान**)... यह सीएए कानून अधिसूचित कर दिया गया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः सुष्मिता जी, कृपया आप बैठें।...(**व्यवधान**)...

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, 11 मार्च, 2024 को सीएए को अधिसूचित कर दिया गया था।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप सबकी कोई बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है, only his speech is going on the record. ...*(Interruptions)*... कृपया आप बैठ जाएँ।...(**व्यवधान**)...

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, इन्होंने सवाल उठाया था, इसलिए मैं बोल रहा हूँ।...(**व्यवधान**)... इनको पता ही नहीं है कि इसको अधिसूचित कर दिया गया है।...(**व्यवधान**)... इन्होंने कहा कि 300 के आसपास, ये 300 के कुछ आगे-पीछे का आंकड़ा दे रही थीं कि इतने लोगों ने नागरिकता ली है। महोदय, लोगों ने हजारों की संख्या में नागरिकता ली है। ...(**व्यवधान**)...

MS. SUSHMITA DEV: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seats. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record, Sushmita*ji*. ...*(Interruptions)*...

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, इन्होंने कहा था कि अब तक 26 घुसपैठियों को वापस किया गया। महोदय, 3600 घुसपैठियों को यहां से बाहर किया गया है। ...(**व्यवधान**)... महोदय, डा. अभिषेक मनु सिंघवी साहब, श्री एन.आर. इलांगो जी, श्रीमती जया बच्चन जी और हारिस बीरान साहब ने यह विषय उठाया कि इस विधेयक में अपील का कोई प्रावधान नहीं है। अप्रवासन अधिकारी on the spot निर्णय लेते हैं। किसी देश में अप्रवासन अधिकारी के आदेश लागू होने से पहले अपील का प्रावधान नहीं है। जहां अपील तंत्र उपलब्ध है, वहां भी अपील तभी दायर की जा सकती है, जब व्यक्ति उस देश में वापस लौट गया हो, जहां से वह आया था। महोदय, इस तरह से इसमें कहा गया है।

महोदय, संजय सिंह जी ने एक विषय उठाया। उन्होंने नीरव मोदी, ललित मोदी और विजय माल्या का नाम लिया। उनको कांग्रेस के लोग सुन रहे थे। बीच में, जब कांग्रेस के लोग जाने लगे, तो हमको लगा कि संजय जी के भाषण के बीच में ये क्यों जा रहे हैं? तब मुझे पता चल गया

* Not recorded.

Contents Page

कि जरूर यह कांग्रेस के जमाने की बात है। नीरव मोदी ने पहला गलत LoU March, 2011 में PNB की Brady House शाखा से हासिल किया था। वे अगले 74 महीने में 1,212 और ऐसी गारंटी प्राप्त करने में कामयाब रहे। ललित मोदी विदेशी मुद्रा के कथित उल्लंघन और 2009, मैं फिर बोल रहा हूँ, वर्ष 2009 में World Sports Group के साथ 425 करोड़ रुपये के IPL प्रसारण अधिकार सौदे के दोषी हैं। ...(**व्यवधान**)... अच्छा हुआ, इनकी सरकार चली गई, नहीं तो और न जाने और क्या-क्या अनर्थ होता। विजय माल्या ने 2012 तक किंगफिशर एयरलाइंस का संचालन बंद कर दिया और बैंकों और लेनदारों के बढ़ते ऋणों को छोड़ दिया। ...(**व्यवधान**)... महोदय, जब उसने बैंक का संचालन बंद किया, तो उस समय कारवाई होनी चाहिए थी कि नहीं? बिल्कुल होनी चाहिए थी। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः कृपया सीट पर बैठकर न बोलें। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, अब आप भी बैठें। ...(**व्यवधान**)... दोला जी, प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

SHRI MANOJ KUMAR JHA: Sir, I have a point of order.

श्री उपसभापतिः माननीय मंत्री जी, माननीय सदस्य प्वाइंट ऑफ आर्डर पर हैं। ...(**व्यवधान**)... मनोज जी, यह कौन-से रूल के अंतर्गत है?

SHRI MANOJ KUMAR JHA: Sir, it is under Rule 240 - 'Irrelevance or repetition- The Chairman, after having called the attention of the Council to the conduct of a Member who persists in irrelevance or in tedious repetition either of his own arguments or of the arguments used by other ….'

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have read it.

SHRI MANOJ KUMAR JHA: Sir, history is being butchered.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The point of order is not relevant.

श्री मनोज कुमार झाः *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is applicable to all of you. …*(Interruptions)*… There is no point of order. Please sit down. …*(Interruptions)*… माननीय मंत्री जी। Nothing is going on record. …*(Interruptions)*.. Please take your seats. …*(Interruptions)*..

* Not recorded.

Contents Page

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, आप पार्टी के नेता, संजय जी आजकल ज्यादा ही दुखी चल रहे हैं, जब से उनकी सरकार गई है। वे जानते हैं कि आगे उनकी सरकार आने वाली नहीं है। उन्होंने जो विषय उठाया था, उसी विषय पर मैं बोल रहा था। उसी को आगे बढ़ाते हुए मैं बोल रहा हूँ कि इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार का हलफनामा है। अपराध की आय के समय में अटैचमेंट ने - तीन भगोड़े अपराधियों, विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी द्वारा 22,500 करोड़ रुपये से अधिक की कुल धोखाधड़ी में से 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को अटैच किया गया है। इन आंकड़ों का उल्लेख एपेक्स कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता साहब द्वारा प्रस्तुत नोट में किया गया था, जो पीएमएलए की रोकथाम के कुछ प्रावधानों की व्याख्या से संबंधित याचिकाओं की एक बेंच पर तर्क सुन रहे थे।

सर, कार्रवाई हम कैसे नहीं कर रहे हैं? घोटाला इन्होंने करवाया, भागने का मौका इन्होंने दिया और हम तो सुप्रीम कोर्ट में उसे स्पष्ट कर चुके हैं। महोदय, अभी हमारे कुछ माननीय सदस्यों ने अलग-अलग बातें कहीं। कहा गया कि देश की छवि बिगड़ रही है। एक माननीय सदस्य, हारिस बीरान साहब द्वारा यह कहा गया कि देश की छवि बिगड़ रही है। महोदय, देश की छवि कब बिगड़ती है? जब देश की आंतरिक सुरक्षा खतरे में होती है, जब अशांति का माहौल होता है। मोदी सरकार आने के बाद हिंटरलैंड में एक भी बम ब्लास्ट नहीं हुआ है। महोदय, 25 करोड़ लोगों की गरीबी मिट गई, यह देश की छवि बनाता है, बिगाड़ता नहीं। ...(**व्यवधान**)... आज हमारे पास राफेल है, कोई हमारी ओर देखने की हिम्मत नहीं कर सकता। हमारी इस शक्ति से छवि बनी है। इस देश में इतना इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ा है, गरीबों के घर बने हैं, शौचालय बने हैं और भारत अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व कर रहा है। भगवान श्रीराम का मंदिर बना है, जिससे भारत का स्वाभिमान और छवि बढ़ी है। भारत अपनी विरासत पर गर्व करने लगा है। महोदय, भारत की छवि बिगड़ी नहीं, बनी है। आप सोचिए और देखिए।

जब रूस और यूक्रेन का युद्ध हो रहा था, तब भारत के छात्र और नागरिक ही नहीं, बल्कि विदेशी नागरिकों और वहां के छात्रों ने भी अपने गर्व से तिरंगा थामकर खुद को सुरक्षित किया।

महोदय, यहां पर सवाल उठाया गया कि घुसपैठ हो रही है। मैं दावे के साथ इस सदन और देश को बता रहा हूं कि घुसपैठ में काफी कमी आई है। घुसपैठियों को लाने की कोशिश सबसे ज्यादा वहीं हुई है या अभी हो रही है, जहां कभी कांग्रेस की सरकार थी या अब पश्चिमी बंगाल में टीएमसी की सरकार है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़, आप बैठिए।

श्री नित्यानन्द रायः सर, घुसपैठियों को रोकने के लिए कार्रवाई हो रही है। बीएसएफ की तैनाती बढ़ाई गई है। जहां हम सीमा पर बाड़ नहीं लगा पा रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः प्लीज़, अपनी सीट पर बैठिए।

श्री नित्यानन्द रायः वहां प्राकृतिक और भौगोलिक असुविधाओं के बावजूद तकनीक का सहारा लेकर हम भारत की सीमा को सुरक्षित कर रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

श्री उपसभापतिः माननीय मंत्री जी, माननीय दिग्विजय सिंह जी प्वाइट ऑफ ऑर्डर रेज़ करना चाहते हैं।

श्री दिग्विजय सिंहः माननीय उपसभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो आरोप लगाया है, हम उसकी निंदा करते हैं और उनसे authenticate करने की मांग करते हैं।

श्री उपसभापतिः यह प्वाइंट ऑफ ऑर्डर नहीं है। No; no. ...(*Interruptions*)... माननीय मंत्री जी। No point of order. ...(*Interruptions*)... No point of order. ...(*Interruptions*)... प्रमोद जी, बैठिए।

श्री नित्यानन्द रायः पश्चिम बंगाल की सरकार, जहां भारत सरकार कंटीले, मजबूत तार, जो न कट सकती है, जिसमें न जंग लग सकता है, ऐसे तार लगाने के लिए तैयार है। ...(**व्यवधान**)... महोदय, दस बार मीटिंग हो गई। भारत सरकार ने सीमा पर तार लगाने के लिए पैसे दे दिए। ...(**व्यवधान**)... जमीन अधिग्रहण का मामला है। ...(**व्यवधान**)... टीएमसी की सरकार हमें जमीन नहीं दे रही है। ...(**व्यवधान**)... आज जमीन दे दे, तो उसके 24 घंटे के भीतर मोदी सरकार बाड़ लगाना शुरू कर देगी। ...(**व्यवधान**)... सर, कुछ लोग बोलते हैं कि छलांग लगाकर आ जाते हैं। कितनी घटनाएं हुई हैं, जब हम सीमा पर घुसपैठियों को रोकते हैं...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has a point of order. ...(*Interruptions*)... Under which rule are you raising it? ...(*Interruptions*)...

SHRI RITABRATA BANERJEE: Sir, it is under Rule 239. The hon. Minister is misleading the House. ...(*Interruptions*)... As far as West Bengal is concerned, the land procurement... ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not a point of order. ...(*Interruptions*)... I have heard it. There is no point of order in it. ...*(Interruptions)*..

श्री नित्यानन्द रायः महोदय, मैं कह रहा था कि जब हमें वहां जमीन मिल जाएगी, तो हम बचे हुए बांग्लादेश और भारत की सीमा पर फैंसिंग भी करेंगे, तार लगाएंगे। मैं कह रहा हूं कि विदेशी घुसपैठिए अब घुसपैठ करने में नाकाम हो रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... उन्हें वहीं कामयाबी मिल रही है, जहां भाजपा की सरकार नहीं है। असम में भाजपा की सरकार है, तो आज वहां घुसपैठियों को रोक दिया गया।

श्री प्रमोद तिवारीः हम लोग वॉकआउट कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

Contents Page

(*At this stage, some hon. Members left the Chamber.*)

श्री उपसभापतिः माननीय मंत्री जी, आप continue कीजिए।

श्री नित्यानन्द रायः उपसभापति महोदय, अभी अभिषेक सिंघवी साहब ने हमारे गृह मंत्री जी के वक्तव्य पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री जी ने अपने उस अभिभाषण के क्रम में इस प्रकार से बोला है। मैं कह रहा हूं कि गृह मंत्री जी ने प्रारंभ के शब्द से लेकर अंतिम शब्द तक जो बोला है, वह यथार्थ और सत्य के धरातल पर खड़ा है। उन्होंने कहीं कुछ नहीं कहा है। उन्होंने वही कहा है, जो कहना चाहिए था और जो देशहित में है या इस विधेयक में है।

महोदय, जो सवाल उठाए जा रहे थे, मैं उनकी चर्चा करके समाप्त करूंगा और आगे बढ़ूंगा। एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि ये लोग किस प्रकार से बीएसएफ को डिस्टर्ब करते हैं। जब कोई भी घुसपैठिया आने की कोशिश करता है, वहां किसी भी विषय पर अवैध रूप से कोई कार्य करता है, जो देश के लिए नुकसानदेह है, तो वहां पर टीएमसी पार्टी के लोग, जिनको उन्होंने अवैध रूप से आधार कार्ड दे दिया है एवं उनका नाम वोटर लिस्ट में समाहित कर नागरिकता दे दी है, वे इकट्ठे हो जाते हैं और इकट्ठे होकर सरकारी कामों में दखल देते हैं। जब बीएसएफ कार्रवाई करना चाहती है, तो दुहाई देते हैं कि यह राज्य की विधि व्यवस्था का प्रश्न है। 50 किलोमीटर तक निश्चित रूप से बीएसएफ के अंतर्गत लाया गया है, लेकिन उस दायरे में भी बीएसएफ को जो चिन्हित कार्य है, उस पर निगरानी, कार्रवाई के अधिकार दिए गए हैं, लेकिन लॉ एंड ऑर्डर सीमा पार करते ही भारत की भूमि में आते हैं, जिस राज्य की सीमा पड़ती है, उनका विषय हो जाता है। वहाँ पर डिस्टर्ब करते हैं, काम नहीं करने देते हैं, लेकिन उस परिस्थिति में भी बहुत सफलता मिली है और मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि हाँ, घुसपैठियों को रोका गया है, घुसपैठ में काफी कमी आई है, इसमें आगे और कमी आएगी, लेकिन हमें राज्य सरकार भी उस कार्य में सहयोग दे।

महोदय, मैं अंत में यहाँ पर यह जरूर कहना चाहूंगा कि यह विधेयक बहुत जरूरी था। इस विधेयक से हमारे यहाँ पर आप्रवासन और विदेशियों से संबंधित जो प्रावधान है, उस प्रावधान को सरल बनाने के लिए, उसमें कोऑर्डिनेशन बढ़ाने के लिए, देश की सुरक्षा से संबंधित विषयों के लिए, शिक्षा, स्वास्थ्य या पर्यटन से संबंधित विषयों पर नियमों में सरलता लाकर, देश के अहित के बारे में सोचने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का प्रावधान कर इस कानून को संपूर्ण बनाया गया है। हम माननीय सदन से आग्रह करते हैं कि इस विधेयक को पारित करे। उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, the question is:

"That the Bill to confer upon the Central Government certain powers to provide for requirement of passports or other travel documents in respect of persons entering into and exiting from India and for regulating matters related to foreigners including

requirement of visa and registration and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clause 2 was added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In Clause 3, there are three Amendments (Nos.3 to 5) by Dr. John Brittas. He is not present. So, the Amendments are not moved.

Clause 3 was added to the Bill.
Clauses 4 to 6 were added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In Clause 7, there is one Amendment (No.6) by Dr. John Brittas. He is not present.

Clause 7 was added to the Bill.
Clauses 8 to 13 were added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In Clause 14, there is one Amendment (No.1) by Shri Sandosh Kumar P. Are you moving the Amendment?

SHRI SANDOSH KUMAR P. (Kerala): Sir, it is a very important Amendment. I move:

1. That at page 6, line 39, *after* the words, "any foreigner", the words, "who has contravened or against whom there is a reasonable suspicion that he has contravened section 3 of this Act or any rule made thereunder", be *inserted*.

The question was put and the motion was negatived.
Clause 14 was added to the Bill.
Clauses 15 to 25 were added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In Clause 26, there is one Amendment (No.2) by Shri Sandosh Kumar P. Are you moving the Amendment?

Contents Page

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Yes, Sir. I move:

2. That at page 11, line 1, *for* the words, "Head Constable", the words, "Sub-Inspector", be *substituted.*

The question was put and the motion was negatived.

Clause 26 was added to the Bill.
Clauses 27 to 36 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, hon. Minister, Shri Nityanand Rai, to move that the Bill be passed.

श्री नित्यानन्द राय: महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाए।"

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, there are ten permitted Special Mentions for today. Special Mentions of those hon. Members, who are present now, shall be deemed to be laid on the Table.

[€] SPECIAL MENTIONS

Demand for a Kendriya Vidyalaya (KV) in Mattannur, Kannur, Kerala

SHRI SANDOSH KUMAR P (Kerala): Sir, I demand from the Government to sanction a new Kendriya Vidyalaya (KV) in Mattannur, near the Kannur International Airport in Kerala. As of now, there is no KV that can benefit the aspiring students who belong to the hilly region of North Malabar. The nearest KV is in Kannur, which is 25 kilometres

[€] Laid on the table.

Contents Page

away from Mattannur. Due to the lack of opportunities, for affordable education under the CBSE Board, the parents from the hilly region of Kannur send their children to private schools. Since there are many Central Government and State Government offices near the area, a KV would be immensely helpful to a large number of aspiring students. This would provide affordable education for the children of inter-State migrant workers as well. There is adequate land available for setting up a Kendriya Vidyalaya in Mattannur. Keeping in view the urgency and importance of the matter, I humbly request the Union Government to take necessary steps to open a Kendriya Vidyalaya in Mattannur.

Demand for construction of elevated double rail line from Haridwar to Dehradun and construction of over bridge at open railway crossing

श्री नरेश बंसल (उत्तराखंड): महोदय, देश मे रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है। इसके निरंतर सुधार, सुदृढ़ीकरण व आधुनिकीकरण का कार्य चल रहा है, जो प्रसंशनीय है।

पूरे देश में, विशेषकर उत्तराखंड के देहरादून व हरिद्वार जिले से बहुत सी रेल निकलती हैं, जो लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य करती हैं। उत्तराखंड के हरिद्वार – देहरादून के मध्य जंगल क्षेत्र से सिंगल लाइन आती है, जिसकी स्पीड भी वन्य जीव क्षेत्र की वजह से बहुत कम है। ऐसे मे उस पर ऐलीवेटेड डबल बड़ी रेल लाइन की बहुत ज़रूरत है, जिससे ज्यादातर ट्रेन हरिद्वार से देहरादून पहुंच सकें व उसमें समय भी कम लगे।

बहुत सी रेलवे क्रासिंग्स हैं, जो आज भी खुली हैं, जहां आम रास्ता है। इनमें से कई पर बैरियर सुविधा है, कई मानव रहित हैं, यहां पर दुर्घटनाओं की संभावनाएं निरंतर बनी रहती हैं व समय-समय पर दुर्घटनाएं हुई भी हैं, जिसमें लोगों की जानमाल की हानि हुई है।

मै सरकार से मांग करता हूं कि उत्तराखंड के हरिद्वार व देहरादून के मध्य एक बड़ी ऐलीवेटेड रेलवे लाइन का निर्माण हो व ऐसे रेलवे क्रासिंग्स, जहां अंडरपास नहीं है, वहां एक अंडरपास या आरओबी बनाया जाए, जिससे लोगों को सुविधा हो व भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

Demand for reservation counter and stoppage of trains at Kharar Railway Station in Punjab

श्री सतनाम सिंह संधू (नामनिर्देशित): महोदय, ऐतिहासिक खरड़ शहर पंजाब का एक महत्वपूर्ण gateway है। कुछ समय में इसकी आबादी तेज़ी से बढ़ी है और यह एक बड़े educational और economic hub के रूप में उभरा है। खरड़ और आसपास की आबादी 10 लाख से अधिक है। इसके बावजूद, लंबी दूरी की कई ट्रेनें यहां नहीं रुकती हैं।

महोदय, नागरिकों की मांग है कि खरड़ रेलवे स्टेशन पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव किया जाए और एक आरक्षण काउंटर स्थापित किया जाए। निवासियों द्वारा इन ट्रेनों को रोकने की

Contents Page

मांग है। खरड़ रेलवे स्टेशन पर Up and Down के क्रम में नांदेड़-अंबाला छावनी; बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर; वैष्णोदेवी-ऋषिकेश; कालका-वैष्णोदेवी; देहरादून-अमृतसर और सहरसा-अमृतसर का ठहराव किया जाए।

महोदय, खरड़ की पवित्र भूमि पर प्रभु श्री राम के चरणों की धूल बसी हुई है। उनके दादा जी राजा अज्ज के नाम पर मंदिर और सरोवर की वजह से खरड़ श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। साथ ही, महाभारत में भीम के पुत्र घटोत्कच का भी जन्म यहीं घरुआन गाँव में हुआ था। बाबा बंदा सिंह बहादुर ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों की शहादत का बदला भी यहीं लिया था। खरड़ सिखों के सातवें और नौवें गुरु साहिबान की चरण छोह प्राप्त धरती भी है। इन ट्रेनों को खरड़ में रुकवाना न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से लाभकारी होगा, बल्कि यह अमृतसर से लेकर खरड़ तक की यात्रा को pilgrimage circuit में बदल सकता है। इससे न सिर्फ खरड़ का विकास होगा, बल्कि पूरे पंजाब में economic और tourist activities में तेज़ी आ सकेगी। अतः मेरी सरकार से यह माँग है की इस पर ध्यान दिया जाए।

Need to establish a Millet Board in Bhubaneswar

SHRI SUJEET KUMAR (Odisha): Sir, I rise to bring to the attention, the urgent need to establish a Millet Board in Bhubaneswar, Odisha. As the world's largest millet producer, India contributed 38.4 per cent of global production, totalling 17.32 million tonnes in 2022-23. Odisha has seen a 125.7 per cent production surge since launching the Odisha Millets Mission (now Shree Anna Abhiyan) in 2017, with output projected to reach 226,972 tonnes in 2024. Despite this remarkable progress, our country still lacks an institutional framework to support farmers, drive research, and strengthen market linkages.

Establishing a dedicated Millet Board, on the lines of Tea Board or Coffee Board, is essential to boost production, processing and farmer support through financial aid, quality seeds, and advanced techniques. This board would bolster R&D, value addition, and supply chains, ensuring fair pricing and sustainable market growth. With rising national and global demand for millets due to their nutritional and environmental benefits, such an institution would play a crucial role in policy coordination, export promotion, and the overall growth of the millet economy.

Given Odisha's success in millet production and its commitment to agricultural innovation, Bhubaneswar stands as the ideal location for this initiative. A Millet Board would reinforce India's global leadership in millet cultivation while significantly benefiting farmers and rural communities.

I urge upon the Government to take immediate steps to establish a Millet Board in Bhubaneswar, ensuring that this resilient and climate-friendly crop receives the institutional support it truly deserves.

Contents Page

Demand for survey for railway line to Yamuna valley from Dehradun via Chakrata

श्री महेंद्र भट्ट (उत्तराखंड): महोदय, मैं सरकार का ध्यान उत्तराखंड के यमुनोत्री क्षेत्र में लम्बे समय से चली आ रही रेल मार्ग की माँग की ओर दिलाना चाहता हूँ।

यह क्षेत्र हिमाचल से जुड़ा हुआ क्षेत्र है तथा सेब एवं अनेक बे-मौसमी सब्ज़ी की उपज का क्षेत्र भी है। महोदय, यहाँ पर जहाँ चकराता एक सुन्दर पर्यटन स्थल हैं, वहीं माँ यमुना के उद्गम स्थान से जुड़ा हुआ क्षेत्र भी है। यहाँ प्रतिवर्ष लाखों यात्री यात्रा के लिए आते है।

महोदय, यहाँ की जनता लम्बे समय से रेल मार्ग की माँग कर रही है, परन्तु अभी तक इस क्षेत्र का रेल सर्वे भी नहीं हो पाया है, अत: मैं इस महत्वपूर्ण विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त क्षेत्र को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए सर्वे कराने की मांग करता हूं।

Demand for underpasses and overbridges along National Highway in Kannur, Kerala

DR. V. SIVADASAN (Kerala): Sir, Kannur District urgently requires intervention from the National Highways Authority of India to address the growing need for underpasses and over-bridges along its national highways. With increasing traffic congestion, the lack of proper road infrastructure poses serious risks to commuters, pedestrians and businesses. NHAI must prioritize the construction of underpasses and overbridges at critical junctions such as Nadal, Velapuram and Edakkad, where traffic bottlenecks and unsafe crossings are frequent. One of the most pressing concerns is pedestrian safety. In the absence of dedicated crossings, schoolchildren, senior citizens and daily commuters are to navigate high-speed roads, leading to fatal accidents. Many areas in Kannur lack safe access to essential services such as schools, hospitals, and Government offices due to highway expansions. The lack of underpasses along national highway routes in Kannur cause prolonged delays, impacting both passenger and commercial transport. A well developed highway network is essential for economic growth, improving connectivity between urban and rural areas and facilitating the smooth transport of goods. Action from NHAI in the form of policy decisions, financial allocations and fast track approvals is necessary to make Kannur's highways safer and more efficient. Investment in modern road infrastructure will not only reduce accidents but also improve access to schools, hospitals, offices and other essential services, enhancing the quality of life for the region's residents. Hence, I request the Government to look into it. Thank you.

Contents Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet at 11.00 a.m. on Thursday, the 3rd April, 2025.

The House then adjourned at forty-one minutes past five of the clock till eleven of the clock on Thursday, the 3rd April, 2025.

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)